संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, बुधवार, 05 जून 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस महिला नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद फोटो खिंचवाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 154 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





# इंडिया में तीसरी बार एनडीए सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एक पुरानी कहावत है- तुम्हारी भी जय जय, हमारी भी जय जय। न हम हारे, न तुम जीते। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह गीत गुनगुनाने का अवसर दे दिया है। सबसे पहली बात तो यह कि इन चुनाव परिणामों से भारत की जनता का लोकतंत्र में विश्वास निश्चित तौर से मजबूत हुआ होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सबसे ज्यादा मतदाताओं में इस विश्वास की बहाली अपने आपमें एक पक्ष है। ऐसा भी नहीं था कि इससे पहले लोकतंत्र में लोगों का विश्वास कम था। हां, पिछले कुछ वर्षों में, या यह कहें कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के उभार और लगातार दो बार पूर्ण बहुमत की विस्मयकारी जीत ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह आशंका फैलाने का अवसर दिया कि चुनाव निष्पक्ष नहीं होते, या ईवीएम को हैक किया जा रहा है। मंगलवार को आए चुनाव परिणामों ने इन आशंकाओं को निर्मूल साबित कर दिया है। भारतीय निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा और बढ़ी है। देश ही नहीं विश्व भर में इसकी चर्चा होगी कि भारत में निर्वाचन कितना निष्पक्ष होता है। इन चुनाव परिणामों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मन से तैयार

**जीत की हैट्रिक**

**भाजपा बहुमत के 272 के आंकड़े को नहीं छू पाई लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग या एनडीए) 290 सीटों पर आगे है**

नहीं थी। यह बात सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा देकर चुनावों को दिलचस्प बना दिया था। विपक्षी दल भाजपा को 400 पार न जाने देने की कोशिशों में लग गए। पर जमीनी हकीकत भाजपा और उसका नेतृत्व भी जानता था। इसीलिए कार्यकताओं में उत्साह भरने और उसे अधिक सक्रिय करने के उद्देश्य से एक बड़ा सपना दिखाया गया।

चुनाव परिणाम बताते हैं कि वह सपना भले पूरा न हुआ हो पर लगातार तीसरी बार सबसे बड़े दल के रूप में और बहुमत से कुछ ही पीछे रह जाने वाली भाजपा ही सत्ता की असली दावेदार है। लोगों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने की ओर बढ़ रहा है। विपक्षी दल सत्ता से दूर रह जाने के बाद भी ऐसा दावा कर रहे हैं जैसे भाजपा चुनाव हार गई। जबकि भाजपा के लिए यह जीत बहुत मायने रखती है। पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री होंगे जिनके नेतृत्व में भाजपा सत्ता में पहुंची है। साथ ही ओडिसा में पूर्ण बहुमत से पहली बार राज्य सरकार बनाने जा रही भाजपा को बहुत बड़ी खुशी दी है। ओडिसा में भाजपा की यह जीत बहुत मेहनत और लगातार संघर्ष के बाद आयी है। वहां 15 साल से नवीन पटनायक के नेतृत्व में काबिज बीजू जनता दल को हराना आसान काम नहीं था। वहीं गठबंधन के सहयोगी दल तेलुगूदेशम पार्टी की भी आंध्र प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनने जा रही है। इन चुनाव परिणामों का विश्लेषण राजनीतिक दल और राजनीतिक विश्लेषक एक-दो दिन नहीं, कई दिनों तक करते रहेंगे। पर प्रारंभिक रूप से साफ है कि उत्तर प्रदेश की नब्ज समझने में भाजपा कहीं न कहीं चूक गई, वहीं पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा को आगे बढ़ने से रोका तो महाराष्ट्र में भी भाजपा की राजनीति लोगों के गले नहीं उतरी। खासकर उत्तर प्रदेश के परिणामों ने केन्द्र में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से दूर कर दिया। समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने मोदी-योगी की उम्मीदों पर पानी सा फेर दिया।

## हरियाणा : मतदाताओं ने दोनों पक्षों का सपना तोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: लोकसभा** चुनाव में हरियाणा के मतदाता ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का सपना भंग कर दिया। दोनो ही हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रहे थे।लेकिन मतदाता ने दोनो को पांच पांच सीट बांट दी। मंगलवार को आए चुनाव परिणाम में भाजपा और कांग्रेस को पांच पांच सीट मिली।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल सीट से जीत दर्ज की और करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जीत गए।

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटें जीत ली थी और इस बार भी भाजपा सभी दस सीट जीतने का दावा कर रही थी। लेकिन सिर्फ 5 सीटो पर ही संतोष करना पड़ा। मंगलवार रात तक मिले परिणामों के अनुसार भाजपा को करनाल, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, गुरुग्राम और भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से जीत मिली। जबकि कांग्रेस ने अंबाला, सोनीपत, हिसार, सिरसा और रोहतक सीट पर जीत दर्ज की।रोहतक सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद कुमार शर्मा को

**मुकाबला टाई रहा**

**भाजपा और कांग्रेस ने जीती 5-5 लोकसभा सीट, पूर्व मुख्यंत्री मनोहर लाल ने जीती करनाल सीट**

342834 वोटों से हराया। इसके अलावा करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 219156 वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हरा दिया। उधर, सोनीपत में मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया। लाठ और जोली बूथ की काउंटिंग रुकने पर कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए। कांग्रेस समर्थक मतगणना केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करने लगे। माहौल देख काउंटिंग सेंटर के गेट पर कमांडो और पुलिस के जवान तैनात किए।इसके बाद अधिकारी मतगणना केंद्र से बाहर आए और कहा कि बैलट पेपर की गिनती के लिए काउंटिंग रोकी गई थी, जो बाद में शुरू कर दी गई।

अंबाला सीट पर कांग्रेस के वरुण चौधरी ने भाजपा की बंतो कटारिया को हराया।भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से भाजपा के चौधरी धर्मबीर सिंह ने कांग्रेस केराव दान सिंह को हराया।



## केरल में खुला भाजपा का खाता, त्रिशूर सीट की अपने नाम किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**त्रिशूरः** केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सुरेश गोपी ने त्रिशूर लोकसभा सीट पर 74,686 वोटों से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। पूर्व राज्यसभा सदस्य गोपी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीआई के वीएस सुनील कुमार को 74,686 मतों के अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। चुनाव आयोग ने केरल में 20 सीटों में से आठ सीटों के नतीजे घोषित कर दिये हैं। आयोग के अनुसार कांग्रेस ने सात सीटें जबकि भाजपा ने एक सीट पर जीत दर्ज कर ली है। त्रिशूर सीट भाजपा के सुरेश गोपी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सीपीआई के वीएस सुनील कुमार से 74 हजार 686 वोटों के अंतर से जीत ली है। उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड सीट 3 लाख 64 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत ली है।

## हिमाचलः चारों सीटों पर लहराया भगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल में सभी चारों संसदीय क्षेत्रों के परिणाम घोषित हो गए है। भाजपा ने सभी सीटें जीतीं हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों को जीत प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजीव भारद्वाज को 632793 व कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा को 380898 वोट मिले, जबकि 6372 ने नोटा का बटन दबाया।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को 607068 व कांग्रेस के सतपाल रायजादा को 424711 वोट मिले, जबकि 5178 ने नोटा को चुना।

मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्यशी कंगना रनौत 537022 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 462267 वोट प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त 5645 ने नोटा का विकल्प चुना।

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सुरेश कश्यप को 519748 जबकि




कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को 428297 वोट मिले और 5930 ने नोटा का विकल्प चुना। सिनेमा के पर्दे पर राजनेत्रियों के किरदार अदा करने वाली सिने अभिनेत्री एवं मंडी की बेटी सियासत की जमीन पर भी जीत का परचम फहराया है। क्वीन के नाम से मशहूर कंगना ने बुशहर रियासत के राजा विक्रमादित्य को विरासत की जंग में पराजित कर दिया।


## दोनों सीटों से जीते राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेलीः** लोक सभा सीट रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की बम्पर जीत हुई है। उन्होंने करीब 3 लाख 90 हजार वोटों से अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को हराया है। रायबरेली से राहुल गांधी की इस जीत के साथ ही गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी का रायबरेली से संसदीय पारी की शुरूआत हो गई। दादा फिरोज,दादी इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल रायबरेली से सांसद निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार शाम आये परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को कुल 687649 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को 297619 वोट,बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव को 21624 वोट मिले हैं। चौथे नम्बर पर अखिल भारतीय अपना दल के दिलीप सिंह को 8678 वोट मिले हैं। नोटा को 7822 वोट के साथ पांचवां स्थान मिला है। निर्दलीय होरीलाल को 5399,भारतीय पंचशील पार्टी के सुदर्शन राम को 4345,मानवतावादी समाज पार्टी के हिन्द रोहिताश्व को 3859,अपना दल(कमेरवादी) के मो मोबीन को 2174 वोट मिले हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कांग्रेस नेताओं को जीत का प्रमाणपत्र दिया। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 2004,2009,2014 में अमेठी से सांसद चुने गए। 2019 में अमेठी से उनकी हार हुई। हालांकि वायनाड से चुनकर वह संसद पहुंच गए।

## नतीजे परिवर्तन के संकेतः शरद



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे देश में परिवर्तन का संकेत दे रहे हैं। मतदाताओं ने भ्रामक प्रचार के बजाय किसानों के मुद्दे, महंगाई, बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों पर वोट दिया है। शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सीताराम येचुरी से चर्चा हुई है। अगर बुधवार को इंडिया गठबंधन की दिल्ली में बैठक होती है तो वे उस बैठक में शामिल होंगे। इसी बैठक में अगली भूमिका तय की जाएगी। शरद पवार ने मंगलवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस चुनाव में आम जनता ने बहुत ही सोच समझकर मतदान किया है। शरद पवार ने कहा कि हिंदी बेल्ट में भी बदलाव दिखा है।

## हिमाचल विधानसभा उप-चुनाव सुक्खू ने लगाया जीत का चौका

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की 6 सीटों पर आज हुए उपचुनाव में कांग्रेस चार सीटों पर जबकि भाजपा दो सीटों पर विजय रही। कांग्रेस की चार सीटों पर जीत के साथ ही प्रदेश की सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बदले भी छंट गए हैं। इसी के साथ भाजपा का मिशन लोटस अब अब पूरी तरह से विफ ल नजर आ रहा है। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस जीत के चौक के साथ गदगद है। उपचुनाव में जीत दर्ज करने वालों में प्रमुख सुधीर शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, राकेश कालिया, रणजीत सिंह राणा, अनुराधा राणा और विवेक शर्मा शामिल हैं। जबकि हारने वालों में



कांग्रेस के बागी व अयोग्य करार दिए गए विधायक राजेंद्र राणा, चैतन्य शर्मा देवेंद्र भुट्टो और रवि ठाकुर शामिल हैं। उपचुनाव नतीजों के बाद जहां कांग्रेस पूरी तरह जश्न के मूड में नजर आई वहीं दूसरी ओर भाजपा खेमे में निराशा है। धर्मशाला सीट से भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा विजय रहे। सुधीर शर्मा को 28066 वोट पड़े जबकि उनके प्रतिबंध कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र सिंह जग्गी को 22540 वोट पड़े। इस तरह सुधीर शर्मा 5526 वोटों के अंतर से विजयी रहे। इसके अलावा

**खतरा नहीं**

**कांग्रेस की चार सीटों पर जीत के साथ ही प्रदेश की सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बदले भी छंट गए हैं**

धर्मशाला विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राकेश चौधरी को 10770 जबकि सतीश कुमार को 422 और नोट को 482 वोट पड़े। बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार इंद्र दत्त लखनपाल विजय रहे। इंद्र लखनपाल को 33086 वोट पड़े जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के सुभाष चंद्र को 30961 वोट पड़े। इस तरह भाजपा के इंद्र दत्त लखनपाल 2125 वोटो के अंतर से चुनाव जीत गए। यहां निर्दलीय उम्मीदवार विशाल शर्मा को 452 जबकि नोट को 323 वोट पड़े। लाहौल स्पीति से कांग्रेस उम्मीदवार अनुराधा राणा विजय रही। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध निर्दलीय उम्मीदवार डॉक्टर रामलाल मारकंडा को पराजित किया। अनुराधा राणा को 9114 वोट पड़े जबकि डॉक्टर रामलाल मारकंडा को 7454 वोट मिले। इस तरह अनुराधा राणा 1960 वोटों के अंतर से विजय रही। यहां भाजपा उम्मीदवार रवि ठाकुर को महज 3049 ही वोट पड़े और वह तीसरे स्थान पर रहे।

## उड़ीसाः पहली बार भाजपा सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच रस्साकशी समाप्त हो गई है, क्योंकि भाजपा अगली सरकार बनाने के लिए मैदान में उतरी है। मजबूत गढ़ होने के कारण मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कई रैलियां और चुनाव प्रचार किए लेकिन भाजपा ने 74 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। भाजपा ने चिल्का, बरगढ़, कुचिंडा, उमरकोट अट्टाबिरा, ब्रजराजनगर, रघुनाथपाली और झारसुगुड़ा सहित आठ सीटें जीत ली हैं जबकि कांग्रेस ने चित्रकोंडा जीती है। बीजद ने राउरकेला सीट



पर 3552 वोटों से जीत दर्ज की है। उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक को 64660 वोट मिले। बरगढ़ से अश्विनी कुमार सारंगी ने 4772 वोट के अंतर से जीत दर्ज कर ली है। अट्टाबिरा से निहार रंजन महानंद ने 28910 वोट से, ब्रजराजनगर सीट से सुरेश पुजारी ने 26789 वोट से, झारसुगुड़ा सीट टंकधर त्रिपाठी ने 1333 वोट से, रघुनाथपाली ने दुर्गा चरण तांती ने 5774 वोट से, कुचिंडा सीट रबी नारायण नायक ने 32220 वोट से, उमरकोट से नित्यानंद गोंड ने 10373 और चिलिका सीट पर पृथ्वीराज हरिचंदन ने 4566 वोट के अंतर से जीत दर्ज की है। बीजद उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक ने राउरकेला सीट 3552 मार्जिन से जीत ली है। कांग्रेस उम्मीदवार मंगू खिला ने चित्रकोंडा सीट 9159 वोटों के अंतर से जीत ली है। राज्य के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के ताजा रुझानों के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न के बीच लड्डू बनाए जा रहे हैं।

# जनता ने कांग्रेस के नेतृत्व को प्रदेश में नकारा

**जोश**

**हिमाचल में मोदी मैजिक का असर दिखा और भाजपा ने चुनावों में बड़ी जीत हासिल की**



**चमन शर्मा**

**शिमलाः भाजपा** ने आज हिमाचल में लोक सभा की चारों सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। इसको लेकर पूरे हिमाचल प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में अद्भुत जोश देखने को मिला। कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी रैलियां निकाली गई, पीएम मोदी के नारों से हिमाचल गूंज उठा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल शिमला मुख्यालय में रहे जहां सुबह से उन्होंने चुनावी खाके पर नजर गड़ाए रखी थी और पूरे प्रदेश के आंकड़ों को एकत्रित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा कांगड़ा संसदीय सीट 251895, मंडी 73482, हमीरपुर 178056 और शिमला 90548 के अंतर से जीती। उन्होंने कहा की देश की जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व को पूरा आशीर्वाद दिया है, एनडीए को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, यह अपने आप में ऐतिहासिक है। यह बड़ा रिकॉर्ड है जिसको कोई चैलेंज नहीं कर सकता। पीएम मोदी को जन मत प्राप्त हुआ है। इसके लिए जनता का आभार एवं अभिनंदन। उन्होंने कहा की जनता ने कांग्रेस के नेतृत्व को प्रदेश में नकारा है, कांग्रेस लोक सभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई इससे साफ है की जनता का अटूट विश्वास पीएम मोदी में है न की प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार में। मुख्यमंत्री सुक्खू को इस मौके पर नैतिकता के आधार पर इस्तीफ ा दे देना चाहिए। बिंदल ने कहा की इस बड़ी जीत का पूर्ण श्रेय पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को देना चाहिए। एक बात शीशे की तरह साफ दिखती है की मुख्यमंत्री और उनकी आर्मी ने सत्ता का पूरा दुरुपयोग किया और सत्ता के दम पर दादागिरी की। पर जनता ने उनको इनकी दादागिरी का जवाब दे दिया। भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता पुनीता शर्मा ने भी सुरेश कश्यप की जीत पर लडडू बांटे। सुरेश कश्यप ने जीत दर्ज करने के बाद कहा की हिमाचल में मोदी मैजिक का असर दिखा और भाजपा ने चुनावों में बड़ी जीत हासिल की। जीत के लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। यह जीत कार्यकर्ताओं की जीत हैए इस जीत का श्रेय पीएम मोदी और भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं को जाता है।

# खुले आसमान के नीचे जिंदगी बसर करने को मजबूर हुए तुंगाधर के नौ परिवार

**सहायता**

**प्रदेश सरकार से मांग करेंगे कि इस प्रभावित परिवारों को हर तरह की सरकारी सहायता मुहैया करवाई जाए**

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** सिराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गत दिवस ग्राम पंचायत तुंगाधर के तुंगाधर गांव में कल हुए भीषण अग्निकांड में जहां नो परिवारों का एक चौकी नूमां पुश्तैनी मकान जलकर राख हो गया। उस अग्निकांड में नों परिवारों के लगभग 50 लोग बेघर हो गए हैं। प्रभावित लोगों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया अब उनके पास ना तो तन ढकने को कपड़े रहे ना खाने के लिए अन्न का दाना और ना ही सर छुपाने के लिए छत बची है। बच्चे महिलाएं बूढ़े सब नीले आसमान के नीचे ठिठुरते हुए अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इन लोगों ने बताया जो कपड़े तन पर पहने हुए थे वहीं उनके पास रह गए हैं। अग्निकांड में कपड़े पैसा अनाज वह कुछ गहने सब कुछ जलकर राख हो गया है।स्थानीय लोगों ने बताया इस अग्निकांड में लगभग एक करोड रुपए का नुकसान आंका गया है। इस अग्निकांड में 50 कमरों का जो चौकी नुमा मकान था वह पूरी तरह से राख के ढेर में तब्दील हो गया है। बेशक प्रशासन द्वारा प्रभावितों को तिरपाल वह कुछ कंबल दे दिए गए हैं मगर गौरतलब है सराज क्षेत्र बहुत ठंडा क्षेत्र है यहां पर एक कंबल या तिरपाल के नीचे जिंदगी का गुजर बसर नहीं हो सकता। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है की इतना बड़ा नुकसान इन लोगों को सहना पड़ा है। सरकार की तरफ से इन्हें उचित मुआवजा दिया जाए और उनके दिए मकान निर्माण के लिए उचित जगह वह सामान मुहैया करवाया जाए ताकि यह लोग नए सिरे से अपनी जिंदगी की शुरूआत कर सकें। सरकार की तरफ से ने हर संभव मदद प्रदान की जाए। नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर ने भी इन लोगों के दुख में उनके साथ खड़े होकर इनका दुख बांटने की कोशिश की हैं और आश्वासन दिया है कि वह प्रदेश सरकार से मांग करेंगे कि इस प्रभावित परिवारों को हर तरह की सरकारी सहायता मुहैया करवाई जाए।

# सुशील पुंडीर परिंदा बने कल्याण कला मंच के पर्यावरण संरक्षण योजना के संयोजक

**मासिक बैठक**

**झंडूत्ता तहसील के भंजवाणी की कुमारी पूजा को मंच के कार्यालय सचिव की जिम्मेवारी दी गई**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः कल्याण** कला मंच की मासिक बैठक बामटा पंचायत के बध्यात गांव के साकेत होम स्टे के हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य जीत राम सुमन ने की जबकि घुमारवीं की वीना वर्धन और बिलासपुर के रविंदर शर्मा विशेष अतिथि के रुप में शामिल हुए। मंच संचालन राकेश मन्हास ने किया। बैठक में लिये मुख्य फैसलों में झंडूत्ता तहसील के भंजवाणी की कुमारी पूजा को मंच के कार्यालय सचिव की जिम्मेवारी दी गई। जबकि सुशील पुन्डीर परिंदा को मंच के पर्यावरण संसरक्षन योजना का संयोजक बनाया गया। सोशल मीडिया सेल का प्रभारी राकेश मन्हास को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन के बाद जीत राम सुमन ने सरस्वती वंदना तथा कैप्टन बीर सिंह चंदेल ने मंगल ध्वनि से समां बांध दिया। अपने सम्बोधन में मंच के प्रधान सुरेन्द्र मिन्हास ने मंच के पंजीकरण की वर्तमान स्थिति तथा हिन्दी बाल कविता संग्रह पुस्तक के लिये रचनाएं आमंत्रित करने का समय एक माह निश्चित किया गया। उन्होने बताया की चार बाल कवियों से पुस्तक के लिये रचनाएं प्राप्त की गई। बैठक में अमरनाथ धीमान, सुशील पुन्डीर परींदा, जीत राम सुमन, बीरी सिंह चंदेल, सुरेन्द्र मिन्हास, रविंद्र शर्मा, रविंद्र कमल, कुमारी आशा, राकेश मन्हास, गायत्री देवी, अजय सौरव, वीना वर्धन, कुमारी पूजा सहित बीस के करीब सदस्य शामिल हुए।

# भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजीव ने कांग्रेस को पछाड़ा

**बढ़त हासिल की**

**भटियात विधानसभा क्षेत्र से राजीव भारद्वाज ने 32594 मत प्राप्त किया जबकि आनंद शर्मा को यहां से 19428 मत मिले**

**हामिद**

**चंबाः** चंबा जिला की पांच विधानसभा क्षेत्रों की गिनती में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजीव भारद्वाज ने जहां चंबा कांगड़ा के तहत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल की वहीं मंडी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने बाजी मारी। जिला की डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में राजीव भारद्वाज को 32700 मत पड़े जबकि आनंद शर्मा को 18408 मत प्राप्त हुए इसी प्रकार चुराह विधानसभा से राजीव भारद्वाज ने 34139 मत लिए जबकि आनंद शर्मा को यहां से 32796 मत प्राप्त हुए। चंबा विधानसभा की अगर बात की जाए तो यहां से राजीव भारद्वाज ने 38903 मत प्राप्त किया जबकि कांग्रेस उम्मीदवार आनंद शर्मा को 19430 मत ही प्राप्त हो पाए। भटियात विधानसभा क्षेत्र से राजीव भारद्वाज ने 32594 मत प्राप्त किया जबकि आनंद शर्मा को यहां से 19428 मत मिले।

# अमर शहीद सोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

## लोगों ने भारत माता की जय व शहीद सोहन सिंह अमर रहे के नारे लगाए



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** अमर शहीद सोहन सिंह के पैतृक गांव मानपुर देवड़ा स्थित शहीदी स्थल पर प्रातः 9 बजे भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र ने मुख्य अतिथि यशपाल सैनी एवं विशेष अतिथि मोहम्मद तोहिद की विशेष उपस्थिति व शहीद की माता रुकमणी व धर्मपत्नी रजनी देवी और भूतपूर्व सैनिक सगंठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के अध्यक्ष करनैल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय व शहीद सोहन सिंह अमर रहे के नारे लगाए उसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने अमर शहीद सोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भूतपूर्व सैनिक सगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के अध्यक्ष करनैल सिंह ने शहीद सोहन सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शहीद सिपाही सोहन सिंह 6वीं डोगरा रेजीमेंट मे तैनात थे। वह 2015 में ऑपरेशन राहिनो के अंतर्गत ऑपरेशन इफ ाजत-1 के तहत मणिपुर में तैनात थे। 04 जून, 2015 को सिपाही सोहन सिंह वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने सभी नौजवानों से राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर काम करने की अपील की एवं देश के लिए हमेशा मर मिटने के लिए तैयार रहने की बात की। उसके बाद शहीद परिवार के सदस्यों को शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। वर्तमान में शहीद सोहन सिंह के परिवार में उनकी माता रुकमणी व धर्मपत्नी रजनी देवी हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि यशपाल सैनी, विशेष अतिथि तोहिद और परिवार के सदस्यों के अलावा भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा-शिलाई से अध्यक्ष करनैल सिंह, पूर्व अध्यक्ष विरेन्द्र चौहान, उपाध्यक्ष सवर्णजीत, सह-सचिव मोहन चौहान, सह कोषाध्यक्ष सुखविंद्र सिंह, हाकम सिंह, राकेश कुमार, अब्दुल वाहिद और कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज चायल कोटी में प्रवेश के लिए ऑनलाईन करें आवेदन



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में 3 जून से नए सत्र के लिए बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष की एडमिशन शुरू हो चुकी है। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि नए सत्र से महाविद्यालय नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगा। कॉलेज के नए भवन में शिक्षा की सभी आधुनिक तकनीकों और सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस बार ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। इस सत्र से महाविद्यालय ऑनलाइन मोड से प्रवेश करवाएगा जिसके लिए पर जाकर आवेदन कर सकते है। प्राचार्या ने सबंधित क्षेत्र के सभी अभिवावकाओ एवं विद्यार्थियों से अपील की कि महाविद्यालय में उच्च तकनीकों और सुविधाओ का लाभ अवश्य उठाएं।

# 7 जून से होगा जिला स्तरीय तृतीया सोपान शिविरः किशन लाल राणा

**सोपान शिविर**

**डीओसी रीना प्रमार नें उपस्थित सभी अधिकारियों को टेस्टिंग शिविर के टॉपिक वितरित किए**



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** उपरोक्त कथन सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला सचिव भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स कुल्लू किशन लाल राणा नें भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स जिला कुल्लू की बैठक के दौरान कहेएउन्होंने कहा कि भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स का तृतीय सोपान शिविर का आयोजन 7 जून से 11 जून तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काइस में किया जाएगा। जिसमें जिला कुल्लू के विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों के स्काऊट्स एवं गाइड्स हिस्सा लेंगे। मनोहर लाल ठाकुर, एसटीसी (स्काऊट्स) ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तृतीय सोपान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जोकि स्काऊट्स एवं गाइड्स के लिये एक टेस्टिंग शिविर होता है इस शिविर में जो बच्चे उतीर्ण होते हैं वो राज्य पुरस्कार शिविर के लिए चयनित होते हैं,

उन्होंने कहा कि इस शिविर को सफ ल बनाने के लिए आज उपनिदेशक उच्च शिक्षा के कार्यालय में स्काऊट्स अधिकारियों की बैठक की गई जिसमें शिविर को सफल बनाने के लिए रूप रेखा तैयार की गई। स्काउट विंग के डीओसी नारायण शर्मा एवं गाइड विंग के डीओसी रीना प्रमार नें उपस्थित सभी अधिकारियों को टेस्टिंग शिविर के टॉपिक वितरित किए।

# विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या हुई दो

**जीत दर्ज की**

**कांग्रेस की अनुराधा राणा ने 47.09ः वोट प्राप्त कर जीत हासिल की है। अनुराधा राणा को 9 हजार 414 वोट प्राप्त हुए**



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या एक से बढकर दो हो गई है। लाहौल-सीट पर कांग्रेस की अनुराधा राणा ने 47.09ः वोट प्राप्त कर जीत हासिल की है। 537 पोस्टल बैलेट सहित अनुराधा राणा को 9 हजार 414 वोट प्राप्त हुए। राणा के निकटतम प्रत्याशी व पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय को 37.28ः वोट मिले। भाजपा को विधानसभा के उप चुनाव में यहां शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भाजपा मात्र 15.25ः पर ही सिमट गई। 2022 में कांग्रेस के टिकट पर रवि ठाकुर ने रामलाल मार्कण्डेय को हराकर चुनाव जीता था। भाजपा के टिकट पर रवि ठाकुर का ग्राफ 52.91ः से गिर कर 15.25 प्रतिशत रह गया। उप चुनाव में अनुराधा ठाकुर को कुल 9 हजार 414 वोट प्राप्त हुए। भाजपा से बगावत कर मैदान में उतरे मार्कण्डेय को 7 हजार 454 वोट प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर 3049 पर ही सिमट गए। अनुराधा राणा की जीत के बाद विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या दो हो गई है। मौजूदा में सिरमौर के पच्छाद क्षेत्र से रीना कश्यप ही एक मात्र महिला विधायक थी। अनुराधा राणा कुछ वर्षो पहले लाहौल-स्पीति जिलाधीश कार्यालय में आउटसोर्स पर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थी। पंचायती राज के चुनाव में उन्हें जिला परिषद के चुनाव में उतारा गया। यहां उन्होंने जीत दर्ज की। वह जिला परिषद लाहौल-स्पीति की चेयरमैन बनी। रवि ठाकुर ने ही उन्हें राजनीति में पदार्पण का मौका दिया और भाग्य का पलटा देखिए कि आज वह विधानसभा में पहुंच गई हैं।

# तमाम कोशिशों व एकजुटता के बावजूद मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह हारे, रामपुर का शेर मंडी में ढेर

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**रामपुर** के शेर आखिर मंडी में ढेर हो ही गया। तमाम कोशिशें के वह एक जुटता के बावजूद भी मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेसी रामपुर के शेर को रामपुर के राजा को मंडी की रानी से नहीं बचा पाए। मंडी की रानी ने दिखा दिया मंडी आज भी भाजपा का गढ़ है और उसे गढ़ को भेदने का किसी राजा मेरी दम नहीं है। जयराम का रुतबा इन लोकसभा चुनाव में और बढ़ गया है ।मंडी की सीट पूरे भारतवर्ष में सबसे ज्यादा हॉट सीटों में से एक थी जिसमें भाजपा की तरफ से बॉलीवुड क्वीन कंगना रानाउत जिसने मंडी की बेटी का नारा देकर लोकसभा चुनावों में ताल ठोकी थी ।वहीं पर कांग्रेस की तरफ से रामपुर का राजा रामपुर का शेर विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चुनावी दंगल में उतरे थे। मगर मोदी मैजिक और जय राम की अथक कोशिश के आगे कांग्रेसियों की एक जुटता किस काम ना आई और रामपुर का शहर मंडी में ढेर होकर रह गया। मंडी की रानी ने मंडी की बेटी ने दिखा दिया आज भी मोदी मैजिक ही चल रहा है देश में। कंगना रनौत की जीत के बाद पूरे मंडी संसदीय क्षेत्र में प्रसन्नता की एक लहर दौड़ी हुई है। लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं वहीं पर कांग्रेसी कार्यकताओं के लिए एक जुटता के बावजूद इस सीट न जीत पाना उनकी कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्हें इसके ऊपर मंथन करना होगा की कहां कमी रह गई।

कंगना रनौत व विक्रमादित्य सिंह ने बेशक एक दूसरे के खिलाफ जुबानी तीरों से एक दूसरे को छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक दूसरे के निजी चित्र पर भी उंगलियां उठाई गई मगर लोगों ने ना तो रू 1500 के फ ॉर्म की परवाह की ना ही कंगना के खिलाफ हुई बयान बाजी को ध्यान दिया। उन्होंने सिर्फ मोदी और जयराम को सामने रखकर मतदान किया और कंगना रनौत को प्रचंड जीत से सांसद भेजा। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा इस जीत के ऊपर एक दूसरे को बधाइयां जी की रैली निकाली गई और आतिशबाजी करके इस जीत का जश्न मनाया।

# सूत्रधार कला संगम की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन में सम्पन्न

**सूत्रधार**

**समूहगान, लोक गीत, फि ल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : आज सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी जून माह में होने वाले 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफ ल आयोजन हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया अपने विगत 47 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उदेश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इसी उदेश्य की पूर्ति हेतु सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति आगामी जून माह में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 जून से 21 जून 2024 तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र कुल्लू में प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, समूहगान, लोक गीत, फि ल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा 19 व 20 जून को देवसदन कुल्लू के सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लघुनाटक व वाद्यवृंद ऑर्केस्ट्रा की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस चार दिवसीय सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में अब तक कुल्लू जनपद के बजौरा से लेकर मनाली तक के लगभग 40 निजी व राजकीय विद्यालयों के लगभग 1500 विद्यार्थियों के भाग लेना आपेक्षित है। यह चार दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी कला प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निशुल्क रहेगा। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव प्रदीप कपूर, मंजू शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी भारत भूषण आचार्य, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम महंत व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय, प्रबन्धक उत्तम चन्द व सहयोगी पवन कुमार उपस्थित रहे।

एमल-02



संस्था के कार्यकारिणी सदस्य बैठक उपरांत सामूहिक चित्र में

# धूर्त को जहां भी रखो वह छल ही करेगाः पंडित सुरेश भारद्वाज




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** नगर के डियारा सेक्टर में श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सामने पार्क में चल रही श्रीमद भागवत कथों दो जून से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। बाबा नंदी सरस्वती महाराज के सानिध्य एवं जन सहयोग से हो रही इस कथा यज्ञ में प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि राजा परीक्षित ने जब कलयुग से अपने राज्य से निकल जाने को कहा तो कलयुग ने राजा से कहा कि अब तो द्वापर युग खत्म हो चुका है अतः अब मुझे इस धरती पर रहने का अधिकार है। कृपया करके मुझे अपने राज्य में रहने के लिए स्थान दें क्योंकि यही नियति है। राजा परीक्षित ने बहुत सोच समझकर कलयुग को जुआ, मद्यपान, परस्त्रीगमन और हिंसा इन चार स्थानों में असत्य, मदए काम और क्रोध में रहने की छूट दी। इस पर कलयुग ने कूटनीति दिखाते हुए कहा कि महाराज आप जैसे धर्म प्रतिज्ञ और धर्मात्मा राजा के राज्य में यह चार स्थान तो हो ही नहीं सकते हैं, तो भला मैं कहां रहूंगा, कृपया करके मुझे इनके अतिरिक्त कोई और स्थान दें। पंडित जी ने कहा कि इस पर राजा परीक्षित ने कलियुग को चार स्थानों के अतिरिक्त स्वर्ण में निवास करने की अनुमति दे दी। बस यही पर राजा परीक्षित गलती कर गए उनकी गलती का फायदा उठाकर कलयुग उन्हीं राजा परीक्षित के स्वर्ण मुकुट में बैठ गया और इस प्रकार द्वापर युग का अंत हुआ।

# हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों पर जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को: जयराम

## हिमाचल ने 2014 के बाद दोहराया लगातार जीत का इतिहास

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराने के श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। अठाहरवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने 2014 के बाद लगातार चारों सीटों पर जीत का इतिहास एक बार फिर दोहराया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास करते हुए उनकी नीतियों पर मोहर लगाई है। वहीं पर लगातार भाजपा पर विश्वास जताने के लिए प्रदेश के मतदाताओं का आभार। उन्होंने कहा कि जहां तक मंडी संसदीय सीट का सवाल है। इस सीट की चर्चा देश भर में रही। उन्होंने कहा कि हर कहीं हर कोई मंडी संसदीय सीट का जीक्र कर रहा था। मगर हमें भरोसा था कि मंडी में भाजपा का परचम फहराया जाएगा। मंडी की प्रबुध जनता ने भाजपा को समर्थन दिया और यहां से कंगना रनौत को विजयी बनाया।



जयराम ने कहा कि मंडी की सभी नौ सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली है। जबकि कुल्लू की चार में से तीन और यहां तक कि भरमौर विधानसभा सीट पर भी पांच हजार से ज्यादा की लीड भाजपा प्रत्याशी को मिली है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मंडी का अपमान हर कोई करने की कोशिश कर रहा था। मगर अभी यह सब कहने की जरूरत नहीं है और अगर जरूरत पड़ी तो जरूर कहेंगे। उन्होंने कहा कि अभी मिलकर काम करने का समय है और मंडी के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

**भूमिका**

**▶▶ मंडी संसदीय सीट से भाजपा के विधायकों ने भी पार्टी की प्रत्याशी की जीत में अहम भूमिका निभाई है**

उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय सीट से भाजपा के विधायकों ने भी पार्टी की प्रत्याशी की जीत में अमह भूमिका निभाई है, इसके अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी अपना अहम योगदान दिया है, सभी का आभार। इसके पश्चात ऐतिहासिक सेरी मंच पर भाजपा ने जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कंगना रनौत के अलावा विधायक अनिल शर्मा, विनोद कुमार, इंद्र सिंह गांधीभी मौजूद रहे।

# धर्मशाला में निर्दलीय ने बिगाड़ा कांग्रेस का खेल, 5526 वोट से जीते सुधीर शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला**

**धर्मशाला:** धर्मशाला विधानसभा के उप चुनाव में आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी ने कांग्रेस का खेल बिगाड़ दिया। भाजपा के सुधीर शर्मा को 45.06 प्रतिशत वोट मिले। जबकि कांग्रेस को 36.19 पर संतोष करना पड़ा। आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी ने 17.29 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। मतों की संख्या की बात की जाए तो भाजपा को 28,066, कांग्रेस को 22,540 व आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी को 17.29 प्रतिशत वोट मिले। त्रिकोणीय मुकाबले की वजह से कांग्रेस को नुकसान का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने पूर्व मेयर देवेंद्र सिंह जग्गी को टिकट दिया था। ओबीसी से ताल्लुक रखने वाले राकेश चौधरी का धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में



**मुकाबला**

**▶▶ भाजपा के सुधीर शर्मा को 45.06 प्रतिशत वोट मिले। जबकि कांग्रेस को 36.19 पर संतोष करना पड़ा**

खासा प्रभुत्व है। चौधरी ने कांग्रेस के टिकट की मांग की थी। भाजपा में सुधीर शर्मा की एंट्री के बाद राकेश चौधरी ने मार्च में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। बता दें कि चौधरी ने 2022 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वो कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर शर्मा से चुनाव हार गए थे।

कुल मिलाकर भाजपा को रुष्ट नेता के मैदान में उतरने से फ ायदा मिला है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मुकाबला सीधा होने की स्थिति में कांग्रेस बाजी पलटने में सफ ल हो सकती थी। बता दें कि लाहौल-स्पीति सीट पर भाजपा के बगावती राम लाल मार्कण्डेय दूसरे स्थान पर रहे, यहां भाजपा को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा माकण्र्डेय को टिकट देती तो संभवतः ये सीट कांग्रेस से छिन सकती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ जून को दुगार्पुर में नेत्र जांच शिविर लगाएगी मंडी जनकल्याण सभा, ऑपरेशन भी होंगे, सभा उठाएगी सारा खर्चा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** दिल्ली स्थित हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा मंडी द्वारा मंडी सदरए बल्ह व सरकाघाट विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर स्थित बल्ह तहसील के तहत आने वाले रिवालसर इलाके के दुगार्पुर में निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि सभा द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह 46वां शिविर होगा। सभा के महासचिव प्रीतम सिंह के अनुसार इस शिविर में पालमपुर रोटरी आई फ ाउंडेशन मारंडा जिला कांगड़ा के अनुभवी डाक्टर अपनी सेवाएं देंगे। नेत्र रोगियों की जांच करेंगे व जरूरी उपचार भी किया जाएगा। किशोरी लाल के अनुसार सभा अब तक 45 निशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन कर चुकी है जिसमें लगभग 4100 मरीजों के मोतियाबंद के आपरेशन सफ लतापूर्वक किए जा चुके हैं। इसके अलावा इन शिविरों में लगभग 41000 लोग अपने नेत्रों की जांच व उपचार करवा चुके हैं। यह शिविर सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगा तथा दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जांच के बाद जिन मरीजों को ऑपरेशन करने योग्य पाया जाएगा उनके ऑपरेशन अगले दिन यानी रविवार 9 जून को मेलामल सूद रोटरी आई अस्पताल मारंडा पालमपुर में किए जाएंगे। इन सब योग्य मरीजों को सभा अपने खर्चे पर शिविर स्थल दुगार्पुर से मारंडा तक बस द्वारा ले जाएगी और आपरेशन के बाद 10 जून को वापस दुगार्पुर छोड़ा जाएगा। सभी मरीजों के लैंस सहित आपरेशन निशुल्क किए जाएंगे व दवाईयां भी मुफ्त दी जाएंगी। इस शिविर में दिल्ली से समाजसेवी व सभा के पदाधिकारी मरीजों की जांचए उपचार एवं आपरेशन आदि में मेडिकल टीम का पूरा सहयोग करेंगे ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी व कठिनाई न हो। गौरतलब है कि कोरोना काल में हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा ने अपनी बड़ी सकारात्मक भूमिका हिमाचल को लेकर निभाई थी तथा रिलीफ फ ंड में योगदान देने के अलावा राशन किट व अन्य सामग्री भी वितरित की थी। यही नहीं बीते साल हिमाचल प्रदेश में आई आपदा में भी सभा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 लाख का अंशदान देने के साथ साथ प्रभावित परिवारों को तिरपाल, कंबल व गद्दों सहित कई तरह की मदद की थी। लगभग साढ़े 12 लाख की मदद इस दौरान प्रदेश में दी गई।

### संगड़ाह के समीप खाई में गिरी पिकअप, चालक जख्मी



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर जिला के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह से करीब दूर दुर्गा लिमेस्टोनके समीप मंगलवार सुबह करीब एक पिकअप के गहरी खाई में गिरने से चाक को हल्की चोटें आई हैं। रेणुकाजी से संगड़ाह की तरफ आते समय 1 खुले मोड़ पर यह हादसा हुआ। चालक को संगड़ाह अस्पताल लाया गया और मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार उसे केवल सिर, बाजू व टांगों में हल्की चोटें आई हैं इसलिए उपचार के बाद घर भेजा जा रहा है। 30 वर्षीय चालक अरूण कुमार पुत्र लायक राम साथ लगते शिमला जिला की कुपवी तहसील के मझोली गांव का रहने वाला बताया गया। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल ने बताया कि दुर्घटना एलके कारणों को लेकर जांच जारी है।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग के गिर रहे मकान के लिए नहीं मिल रही सहायता

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब:** उपमंडल पांवटा साहिब के मालगी पंचायत के कांडो गांव के 70 वर्षीय बीर चंद अपने दिव्यांग बेटे के साथ नर्क जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हो रहा है। वृद्ध का मकान गिरने के कगार पर है। सरकार के दावों ने भी यहाँ दम तोड़ दिया, सरकार दावे करती आ रही है कि आपदा में लोगों के मकान के लिए लाखों रूपए दिए गये है लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक वृद्ध व्यक्ति के लिए कोई मदद नहीं मिली है।

# सोलन में ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा का जश्न शुरू



**मनीष**

**सोलन:** लोकसभा चुनावों में शिमला संसदीय सीट सेनसोलन जिला से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को मिली भारी लीड को लेकर सोलन में भाजपा नेताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है उनकी जीत लगभग तय है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजीव सैजल ने कहा है कि केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित

होकर लोगों ने एक बार फि र भाजपा पर विश्वास जिताया है और चार की चार लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में दी है।

# सोलन जिला से भाजपा के सुरेश कश्यप को मिली भारी मतों की लीड

**मनीष**

**सोलन:** शिमला लोकसभा सीट में सुरेश कश्यप ने जीत हासिल की है। सोलन जिला से उन्हें भारी लीड देखने को मिली है। सोलन जिला से उन्हें 52106 मतों की लीड मिली है। अर्की विधानसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा लीड सुरेश कश्यप को मिली है जो की 15484 है। यहां पर कुल मत सुरेश कश्यप को 40,026 और विनोद सुल्तानपुरी को 24,542 मिले है।

इसी तरह सोलन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को कुल 32,125 मत मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को



27109 मत मिले हैं। यहां पर भी 5016 मतों की लीड सुरेश कश्यप को देखने को मिली है। इसी तरह कसौली विधानसभा क्षेत्र के सभी टेबलों की गणना के दौरान सुरेश कश्यप को यहां से 3360 मतों की लीड मिली यहां पर कुल मत भाजपा को 27737 और कांग्रेस को 24377 मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भी 15,164 मतों की लीड ली है। यहां पर उन्हें 40,283 और विनोद सुल्तानपुरी को 25,119 मत मिले हैं।

# जुन्गा क्षेत्र में 05 जून को लगेगा पावर कट

**चमन शर्मा**

**शिमला :** फ ीडर जुन्गा की आवश्यक मुरम्मत की जानी है जिसके चलते जुन्गा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले अनेक गांव जुन्गा, शरोटी, ढलियाणा, शाटली, भड़ेच, डवारों, धरोग, भलावग व आसपास गांव में 05 जून को प्रातः 10 बजे से सांय पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत उप मंडल जुन्गा कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी बरसात आने से पूर्व बिजली की लाईनों और ट्रॉस्फ ार्मरज की आवश्यक मुरम्मत की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को बरसात में अबाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होने बताया कि विद्युत लाईनों की मुरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

# कोठीपुरा स्कूल में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठीपुरा मेंहक विश्व तंबाकू निषेध दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर ने किया। उन्होंने छात्रों को तंबाकू और नशे के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। एनसीसी प्रभारी अब्दुल मजीद ने छात्रों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए तंबाकू, नशीली दवाओं से दूर रहने और नियमित रूप से व्यायाम करने, स्वस्थ भोजन




खाने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी। कला अध्यापिका माया देवी ने छात्रों से पोस्टर व नारा लेखन की ड्राइंग बनवाने में अहम भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग, भाषण और नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने सभी छात्रों, अध्यापकों से तंबाकू और नशीली दवाओं से दूर रहने का संकल्प लेने का आग्रह किया। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी सोनिया शर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने और तंबाकू के सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी।

# दून में सुरेश कश्यप की जीत का मनाया जश्न

**सोलन: प्रदेश** में लोकसभा चुनावों में चारों सीटों पर जीत दर्ज करवाने पर भाजपा नेताओं में खासा जोश देखा जा रहा है । सोलन जिला के दून क्षेत्र में नतीजे आने के बाद शिमला संसदीय सीट से भाजपा सुरेश कश्यप की जीत पर दून विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक परमजीत सिंह ( पम्मी ) द्वारा अपने कायरकर्ताओं सहित जीत का जश्न मनाया गया । दून विधानसभा से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को 13 हजार 82 मतों की बढ़त मिली है । जिसके लिए परमजीत सिंह इसका श्रेय अपने साथ- साथ अन्य कायरकर्ताओं को दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के झंडों के साथ प्रदेश में विजयी शंखनाद किया गया है ।

# कंगना रनौत की जीत की खुशी में निकाला विजय जुलूस



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: कुल्लू** जिला मुख्यालय पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत की खुशी में भाजपा पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विजय जलूस निकाला। विजय जलूस भाजपा कार्यालय से ढालपुर चौक तक निकाला गया। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय में भारी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं में जीत की खुशी में लड्डू बांटे गए। कुल्लू जिला की मनाली, कुल्लू तथा बंजार विधान सभा क्षेत्र से मंडी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत को बढ़त मिली। विजय जलूस में जिला भर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कुल्लू सहित मनाली विधान सभा के अंतर्गत मनाली तथा पतली कुल्ह बंजार तथा आनी विधान सभा क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में विजय जलूस निकाला तथा एक दूसरे को लड्डू बांट कर खुशी मनाई। मनाली विधान सभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में

**जश्न**

**▶▶ मनाली विधान सभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में जम कर आतिशबाजी की**

जम कर आतिशबाजी की। जिला मुख्यालय पर पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविन्द सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, कुल्लू से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी दानवेंदर सिंह, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत, जिला परिषद सदस्य एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष रेखा गुलेरिया, जिला सचिव नैना शर्मा, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी, सौरभ भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, चुनाव प्रकोष्ठ जिला प्रभारी हरीश गौतम, महामंत्री बिंदिया सूद सहित बड़ी संख्या में जिला व मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोलन जिला में लोकसभा चुनावों की मतगणना सम्पन्न

## 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना कार्य राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में सम्पन्न हुआ

**मनीष**

**सोलन:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के अंतर्गत 04.शिमला संसदीय क्षेत्र में शामिल सोलन जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। मनमोहन शर्मा ने बताया कि 50-अर्की, 53-सोलन (अ.जा.) तथा 54-कसौली (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना कार्य राजकीय महाविद्यालय सोलन तथा 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की

**सम्मान**

**▶▶ सोलन जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई**

मतगणना कार्य राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में सम्पन्न हुआ। जिला के 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 413, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 252, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 384, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 40026, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 24542 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 377 वोट डाले गए। जिला के 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 743, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 332, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 466, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 40283, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 25119 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 438 वोट डाले गए।

जिला के 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 367, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 198, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 220, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 33521, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 20439 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 265 वोट डाले गए।

# अपने विधानसभा क्षेत्र में ही पिछडे कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी, भाजपा को मिली 3360 की बढत

**सोलन**

**शिमला** संसदीय क्षेत्र के सोलन के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली है। यहां तक की कांग्रेस उम्मीदवार के कसौली विधानसभा में भी भाजपा को बढत मिली है। कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी वर्तमान में कसौली से ही विधायक हैं। जिला के 54-कसौली (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 193, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 182, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 296, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 27737, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 24377 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 342 वोट डाले गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव शिमला संसदीय क्षेत्र में शामिल सोलन जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिला के 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 413, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 252, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 384, भारतीय

**मतगणना**

**▶▶ शामिल सोलन जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई**

जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 40026, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 24542 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 377 वोट डाले गए। जिला के 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 743, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 332, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 466, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 40283, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 25119 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 438 वोट डाले गए। जिला के 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 367, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 198, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 220, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 33521, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 20439 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 265 वोट डाले गए। जिला के 53-सोलन (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार मंगेट को 219, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मदन लाल को 265, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सुरेश कुमार को 184, भारतीय जनता पार्टी के सुरेश कुमार कश्यप को 32125, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 27109 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 403 वोट डाले गए।

# जेजंवी स्कूल में सरस्वती मां की प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में मंगलवार को स्कूल परिसर में सरस्वती मां की प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय सरस्वती पूजन, प्रार्थना तथा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों के साथ हवन यज्ञ में भाग लिया। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने कहा कि मां सरस्वती को विद्या, बुद्धि, ज्ञान तथा संगीत की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। मंगलवार को सरस्वती मां की प्रतिमा को इस पाठशाला में



स्थापित किया गया था। उसी दिन यह पाठशाला अकादमिक, खेलकूद गतिविधियों तथा सह पाठ्य गतिविधियों में बहुत उपलब्धियां प्राप्त कर उन्नति कर रही है। विद्यार्थियों में संस्कार तथा संस्कृति पर आधारित शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को हलवा तथा चने का प्रसाद वितरित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्टरी मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये व कागजात से भरा बैग चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये की राशि व कागजात से भरे बैग के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो युवकों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

अशोक विहार फेस-1 दिल्ली ने सत्यानारायण ने बताया कि वह गन्नौर के पास गांव धतुरी में फैक्टरी बनवा रहा है। वह गत 1 जून को अपनी कार में चालक के साथ मिलकर कंपनी में जा रहा था। रास्ते में करीब 8 बजे टसकन सिटी के पास पहुंचा। तो चालक ने गाड़ी में पंचर होने की बात कही। दोनों गाड़ी से नीचे उतर गए। उसके बाद एयर पंप से गाड़ी में हवा भरने लगे। उसी दौरान दो नौजवान लड़कों ने गाड़ी से पिछली खिड़की खोलकर बैग चोरी कर लिया। बैग में कंपनी की फाइलें सहित जरूरी कागजात व एक लाख रुपये की राशि थी। अपने स्तर पर युवकों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुसिल ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों को चपेट में लिया, उपचार के दौरान एक की मौत

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग पर लस्सी लेकर बाइक पर लोट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने हादसे में जान गवाने वाले युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नाराज परिजनों ने शहर के सड़क मार्ग पर जाम लगाकर कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम व भाजपा नेता मौके पर पहुंचे। जहां पजिरनों को आश्वन देने के बाद सड़क जाम को खोला। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। हनुमान नगर विासी संदीप ने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी में अकाउंटेंट का काम करता है। गत 1 जून को उसका भाई आदित्य व उसका दोस्त कमल अपनी बाइक पर देर राम 10.20 बजे मुरथल अड्डा पर लस्सी लेने के लिए आए थे। वापिस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां आदित्य को टयूलिप अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं उसके भाई आदित्य को नागरिक अस्पताल में पहुंचा। उसके भाई को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**नाराज परिजनों ने लगाया जाम, कार चालक की गिरफ्तारी पर अड़े, भाजपा नेता ने समझाया-** देर रात हुए सड़क हादसे में नाराज परिजनों ने सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ओल्ड चौकी पुलिस ने परिजनों को समझाया। परिजन कार चालक की गिरफ्तारी पर अड़ गए। जाम की सूचना के बाद भाजपा नेता राजीव जैन भी पहुंचे। जहां पुलिस व भाजपा नेता ने परिजनों ने समझाकर परिजनों को कार चालक की जल्द गिरफ्तारी का आश्वन दिया। उसके बाद परिजनों ने सड़क जाम को खोला।

# बापू आसाराम आश्रम में दो दिवसीय शिविर का हुआ समापन

### विद्यार्थियों ने 45 डिग्री के तापमान में भी नाच गाकर सीखी परीक्षा में अव्वल आने की युक्तियां

**सर्वांगीण विकास**

**आश्रमों में जून की छुट्टियों में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविरों का आयोजन करवाया जाता है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को लेकर आसाराम बापू ने पूरे भारत में हजारों की संख्या में बाल संस्कार केंद्र चलाए हुए हैं ताकि उनके केदो पर जाकर प्रत्येक विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर सके इसके अलावा देशभर के सभी आश्रमों में जून की छुट्टियों में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविरों का आयोजन करवाया जाता है इसी कड़ी के तहत अंबाला पंजोखरा तोपखाना रोड पर स्थित संत आसाराम बापू आश्रम में दो दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया था उसका आज समापन हो गया शिविर के समापन अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न प्रकार की करवाई गई प्रतियोगिताओं में पहले दूसरे व तीसरे नंबर पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया आगरा गुरुकुल से आए अवनीश भाई ने बच्चों में इस कदर जोश भरा कि शिविर के अंतिम दिन भी बच्चों का आश्रम से आने का मन नहीं था कुछ विद्यार्थियों ने तो यहां तक कहा कि उनकी श्री योग वेदांत सेवा समिति से विनम्र प्रार्थना है कि यह शिविर वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो बार आयोजित करवाए शिविर में विद्यार्थी जतिन को आदर्श विद्यार्थी खीताब से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अवनीश भाई ने सभी विद्यार्थियों को कहा की वह प्रतिदिन सुबह उठकर यहां दो दिन में सिखाई गई दिनचर्या को अपने जीवन में अवश्य प्रयोग में लाएं इस वैदिक परंपरा से अपनी दिनचर्या बनाने से विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है जिन विद्यार्थियों को अपनी बुद्धि मेघा शक्ति बढ़ानी है उनको चाय को जीवन से दुश्मन की भांति अलविदा कह देना चाहिए इसकी जगह उन्हें सुबह 5 पत्ते तुलसी के चबाकर पानी पीने वाला प्रयोग करना चाहिए तथा भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य को जल देना, ताड़ासन, शिवासन तथा ज्ञान मुद्रा में बैठकर आज्ञा चक्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए गुरुकुल परंपरा से जो विद्यार्थी अपने जीवन को बनाएगा उसकी उन्नति को कोई नहीं रोक सकता वह पढ़ाई में तो अव्वल आएगा ही जीवन की चुनौतियां सहज की पर कर जाएगा सभी बच्चों ने वक्ता अवनीश भाई, समिति सदस्यों व आश्रम के संचालक संतोष भाई के साथ एक यादगार तस्वीर भी खिंचवाई कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व सेवादारियों ने सदगुरुदेव की आरती उतार कर दंडवत प्रणाम किया

## मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने स्विमिंग में मारी बाजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में मुरलीधर डीएवी विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी। चौथा हरियाणा राज्यफिन तैराकी चैंपियनशिप 2024 फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार की ओर से 1 जून और 2 जून को आयोजित की गई। जिसमें मुरलीधर डी ए वी पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने दो स्वर्ण पदक जूनियर सी में व जूनियर बी में रिले (लड़के) ने प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आर आर सूरी जी ने विजेता छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी व भविष्य में भी ऐसे ही सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी व साथ ही विद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कॉल व स्पोर्ट्स अध्यापक श्री स्वर्ण लाल को भी बधाई दी।

**बधाई दी**

**विद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कॉल व स्पोर्ट्स अध्यापक श्री स्वर्ण लाल को भी बधाई दी**

## पांच हजार के ईनामी व दुष्कर्म करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने पांच हजार के ईनामी व लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी हसनपुर झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने 18 मई को 2020 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी की आयु 20वर्ष है। वह 16 मई को बिना किसी से कुछ बताएं घर से चली गई। अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं लड़की को बरामद करके अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत था।

## अंकुश ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में प्रतिभा का लोहा मनवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: बॉडी** बिल्डिंग एंड फिटनेस स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित ऑल ओवर इंडिया से मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन में समालखा के अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 स्थित महादेव फिटनेस जिम से अंकुश बैनिवाल ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश भर से आए हुए करीब 150 खिलाड़ियों को पछाड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही साहिल छौक्कर ने भी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर, अपने माता-पिता सहित अपने कोच का मान बढ़ाया है। इस सफलता से परिजनों और नगरवासियों में खुशी की लहर है। सोमवार को जिम में आने पर दोनो प्रतिभागियों का पैसों के हार व फूलमालाओं से पुष्प वर्षा कर नगद इनाम देते हुए जोरदार स्वागत किया। महादेव जिम से कोच राहुल व चैयरमैन अर्जुन कुहाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में देश भर से करीब 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें महादेव जिम से दो खिलाड़ियों अंकुश बैनिवाल और साहिल छौक्कर ने हिस्सा लिया था। जिन्होंने प्रतियोगिता में बेहतरीन शरीर फिटनेस का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग कैटेगरी में 5 मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर , अपने कोच और माता पिता का मान बढ़ाया है। जहां अंकुश बेनीवाल ने जूनियर कैटिगरी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल, सीनियर मैन में सिल्वर मेडल सहित जूनियर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीन मेडल जीते है। वही गांव किवाना निवासी साहिल छौक्कर ने मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल के साथ दो मेडल अपने नाम किए।




दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया है। अंकुश बैनिवाल व साहिल छौक्कर ने बताया कि समय-समय पर कोच वह माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहा है।

## नशे के विरुद्ध सामान्य जन को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशा-निर्देशों और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए कारण सहित प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को कुरुक्षेत्र जिले में विभिन्न स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया। आज प्रातः वे साइकिल पर सवार होकर विभिन्न स्थानों पर गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सामान्य जन को एकत्रित कर बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा नशे के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। कोई व्यक्ति अनजाने में नशे का शिकार न हो अथवा नशा तस्करी में संलिप्त न हो जाए। इसीलिए हरियाणा के प्रत्येक स्थान पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि यदि ये नशे किसी भी रूप में हमारे लिए अच्छे होते तो सबसे पहले हमारे माता पिता हमें सेवन के लिए देते और सरकार इनके ठेके खोल देती

**जागरूक किया**

**यदि ये नशे किसी भी रूप में हमारे लिए अच्छे होते तो सबसे पहले हमारे माता पिता हमें सेवन के लिए देते**

## कुष्ठ रोगी समाज के अभिन्न अंग: कर्नल राजकुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुष्ठ रोगी समाज के अभिन्न अंग हैं, सभी को इनकी मदद करनी चाहिए।यह शब्द कर्नल राजकुमार मलिक ने कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों की मदद करने उपरांत कहे। कर्नल राजकुमार मलिक आज अपने साथियों के साथ कुष्ठ आश्रम पहुंचे। उन्होंने श्री राम कुष्ठ आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोगियों से कुष्ठ आश्रम की सभी जानकारी ली तथा उनके बच्चों की पढ़ाई के बारे पुछा तो उन्होंने कहा कि उनके बच्चे नजदीक के गांव बिशनगढ़ के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। स्कूल में सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं उनके बच्चों को मिल रही हैं। कुष्ठ आश्रम परिसर में एक सुंदर मन्दिर है जिसके लिए कर्नल राजकुमार मलिक ने सीलिंग फैन दान में दिया। कर्नल मलिक ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह समय - समय पर आपके सुख दुःख में मदद करने के लिए आपके बीच में आते रहेंगे और उनकी जो भी समस्या होगी उनको प्रशासन के समक्ष अवश्य उठाएंगे।

## घर से एलईडी व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के मोहन नगर में बंद घर से एलईडी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार दिल्ली में रहता है। अब वह घर पर आए तो चोरी का पता चला। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सुभाष विहार दिल्ली निवासी नरेश सहगल ने बताया कि सोनीपत के मोहन नगर में उनका दो मंजिला घर है। वह घर पर सप्ताह में आते रहते हैं। वह 31 मई की रात को घर आए तो दरवाजे के ताले कटे हुए मिले। कमरों के ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर जांच की तो सामान बिखरा पड़ा था।

## प्रांतीय शिविर में आर्यवीरों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल में चल रहे प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर में आज सभी आर्यवीरों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। आचार्य दयाशंकर शास्त्री जी के मार्गदर्शन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी आर्यवीरों ने जनेऊ धारण किया। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत के ये तीन धागे हमें अपने देवों के प्रति, हमारे ऋषियों के प्रति तथा हमारे माता-पिता के प्रति हमारे जो ऋण, कत्र्तव्य और दायित्व हैं उनका स्मरण कराते हैं। पहला ऋण माता-पिता का ऋण है, दूसरा ऋण गुरुओं का ऋण है तथा तीसरा ऋण ऋषि ऋण होता है, हमें इन तीनों ऋणों से उऋण होने के लिए अच्छे आचरण और उत्तम कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत धारण करने वाले युवा भाग्यशाली है, यह कोई मामूली धागा नहीं है मुगलकाल में वीर हकीकत राय ने वैदिक धर्म निभाते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने चोटी और यज्ञोपवीत उतारने की बजाए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी इसलिए वैदिक संस्कृति में यज्ञोपवीत का बड़ा महत्त्व है। यज्ञोपवीत संस्कार के उपरान्त सभी आर्यवीरों ने समाज से पाखण्ड, अंधविश्वास आदि बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं ने भारी संख्या में हाथों व गले में पहने हुए काले धागे, कंडे-ताबीज आदि उतारकर पांखण्ड से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य, प्रचार प्रमुख विशाल आर्य, वरिष्ठ योग शिक्षक सूर्यदेव आर्य, व्यायाम शिक्षक संदीप वैदिक, अमित आर्य, सोहनवीर आर्य, नरेश आर्य, महावीर आर्य, सुरेन्द्र आर्य, आर्यमित्र आर्य सहित सभी प्रशिक्षक मौजूद रहे।

**संकल्प**

**युवाओं ने समाज से नशाखोरी, अज्ञानता, पाखण्ड को दूर करने का लिया संकल्प**

## चोरी करने के 3 आरोपियों को किया तफ्तीश में शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने घर से चोरी करने के तीन आरोपियों को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया हैं । अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में शिव कुमार उर्फ सन्नी पुत्र बृजमोहन वासी चक्रवर्ती मौहल्ला थानेसर हाल वासी चनारथल कालोनी थानेसर व तरुण आजाद पुत्र मनोज कुमार वासी उदय विहार दिल्ली व पंकज उर्फ भोला पुत्र दिनेश कुमार वासी राम चन्द्र कालोनी थानेसर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले मे गिरफ्तार करके एक सोने चैन व चांदी की पायल बरामद करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 फरवरी को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में राहुल पुत्र उत्तम कुमार वासी दुखभजन कालोनी थानेसर ने बताया कि 25 फरवरी को सुबह समय करीब 5 बजे वह और उसके पिता अपने घर का ताला लगाकर गुडगाँव गये हुए थे। शाम को जब वह वापस आये तो देखा कि उसके घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है । घर के अंदर से सोने के गहने, सामान व नकदी कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल अजय कुमार को सौंपी गई । बाद मे मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई । दिनांक 3 जून 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के मार्गनिर्देश मे हैड कांस्टेबल राम कुमार, वीरेंद्र विक्रम, सुरेन्द्र व पी एस आई प्रमोद की टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में शिव कुमार उर्फ सन्नी पुत्र बृजमोहन वासी चक्रवर्ती मौहल्ला थानेसर हाल वासी चनारथल कालोनी थानेसर व तरुण आजाद पुत्र मनोज कुमार वासी उदय विहार दिल्ली व पंकज उर्फ भोला पुत्र दिनेश कुमार वासी राम चन्द्र कालोनी थानेसर को मामले में प्रोडक्शन वारंट लेकर मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से कब्जा से एक सोने चैन व चांदी की पायल बरामद। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

**गिरफ्तार**

**घर के अंदर से सोने के गहने, सामान व नकदी कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया है**

## गली निर्माण को लेकर गांव के नंबरदार की पीट-पीटकर हत्या

### मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव नैना ततारपुर में पंचायत की तरफ से किए जा रहे गली के निर्माण को लेकर नंबरदार का पड़ोसी के साथ झगड़ा हो गया। जिसमें पंचायती तौर पर समझौता होने के बावजूद रात को गली में घूमने निकले नंबरदार पर पड़ोसी ने परिजनों संग मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि उन्हें पड़ोसी अपने घर में घसीटकर ले गए और वहां भी पीटा। नंबरदार के भाई व भतीजा बचाव को गए तो भतीजे को भी घायल कर दिया। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने नंबरदार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नैना ततारपुर निवासी अजमेर ने बताया कि उनके गांव में पंचायत की तरफ से गली का निर्माण किया जा रहा है। 31 मई को उनके बड़े भाई सुभाष (40) के साथ गली निर्माण को लेकर पड़ोसी ईश्वर ने झगड़ा कर दिया था। जिसमें उसी दिन आपस में राजीनामा भी हो गया था। जिससे उन्होंने इस बात को भूला दिया। 1 जून को रात करीब 10 बजे उनके भाई सुभाष खाना खाकर गली में घूमने के लिए निकले थे। इ

सी दौरान एक दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश में गांव के ईश्वर, उसके बेटे हिमांशु व हन्नी, पत्नी नीलम, भाई संजय व संजय की पत्नी बेबी, ईश्वर के दूसरे भाई बंटी और उसकी छोटी बहन ने उनके भाई पर हमला कर दिया।

**केस दर्ज**

**मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया**

## न्यूज फ्लैश

### चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस ने किया बरामद

**सोनीपत**
**बहालगढ़ थाना पुलिस ने** मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेश निवासी विशाल नगर, पंकज निवासी गढ़ी घसीटा व प्रवीन निवासी किलोहड़द का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
बिहार हाल में किराएदार बहालगढ़ निवासी आकाश ने 21 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताय कि उसने अपनी गली में घर के बाहर दो-पहिया वाहन को खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सिपाही मुकेश की टीम ने तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चोरी किए दो-पहिया वाहन को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटी

**सोनीपत**
**सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। श्री नगर कॉलोनी निवासी सुमन ने बताया कि वह मुरथल विवि में सुपरवाइजर की नौकरी करती है। वह गत 1 जून को देर शाम करीब 7 बजे सैर के लिए सेक्टर-12 के आउटर के सर्विस रोड पर सैर कर रही थी। उसके पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। उसके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोईं सुराग हाथ लग सके।

### साइबर ठगी : झांसे में लेकर खाते में डलवा लिए 3.98 लाख रुपये

**सोनीपत**
**सिविल लाइन थाना** क्षेत्र में झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि अलग-अलग खातों में डलवाने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहल्ला कोट निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गत 16 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक अलग-अलग खातों में उससे लाखों रुपये की राशि को ट्रांसफर्र करवा लिया। ठग ने उससे कुल तीन लाख 98216 रुपये ठग लिए। जब उसे ठगी का पता लगा तो मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# गुरुओं के आशीर्वाद के कारण मुझे विजय मिली : नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री ने जीत के बाद डेरा कारसेवा में टेका मत्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।करनाल** विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीत के बाद गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए डेरा कारसेवा गुरुद्वारा पहुंचे। वहां पर उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेका। उन्हें पहले जीत का आशीर्वाद गुरु घरों से मिला था। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुमन सैनी, मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगिंदर राणा,



जगमोहन आनंद और संजय बठला थे। उनको डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने आशीर्वाद दिया। उसके बाद उन्हें सिरोपा पहनाकर कर डेरा कार सेवा गुरुपर्व कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव इंद्रपाल सिंह, एचएसजीपीसी के सह सचिव गुलाब सिंह, गुरुसेवक सिंह, जसविंदर सिंह ने सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनकी जीत के पीछे गुरुओं का आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है। इसके लिए वह उनको नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि वह करनाल की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## कंरट लगने से घायल कौशल रोजगार कर्मी की उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः राजलू गढी गांव के** पास बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट लगने से गंभीर रूप से घायल कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक कृष्ण के परिजनों ने बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों पर चलती लाइन में बिजली ठीक करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समालखा निवासी मृतक कृष्ण के भतीजे संदीप ने बताया कि मेरा चाचा कृष्ण उम्र 52 साल करीब 15 साल से बिजली विभाग मे काम कर रहे थे। बिजली विभाग के जेई, फोरमैन व अन्य कर्मचारियों ने चलती लाईन पर काम करवा कर बिना परमिट लिए लापरवाही का परिचय दिया है। शिकायत में पुलिस से मांग की कि उक्त लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस के एएसआई प्रदीप ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। सोमवार को मृतक कृष्ण को बिजली का करंट लगने के कारण अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मंगलवार को पुलिस ने सूचना के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस मामले में जब बिजली विभाग के एसडीओ से सर्म्पक करना चाहा तो उनसे सर्म्पक नही हो सका।

## बहुत हो गया प्रकृति से छेड़छाड़ अब और नहीं अब और नहीं : डॉ.अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**अभी मई और जून माह में** सभी समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर बढ़ रहे तापमान का ही वर्णन मिल रहा था। लोग गर्मी के कारण बेहाल हो गए तो पशु और पक्षियों के जीवन पर बन आई थी। मनुष्य न केवल नैतिक मूल्य भूल रहा है अपितु पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहा। यह बात हरियाणा पुलिस में सेवारत, 20 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करते हुए साइकिल का प्रयोग करने वाले डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने कही। वह 17500 से अधिक पौधे लगा चुके हैं , हरियाणा में 4 बार साइकिल यात्राएं निकाल चुके हैं तथा नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। मनुष्य विशेष रूप से आज का युवा एक ही रात में संसार की हर वस्तु प्राप्त करने को आतुर है। भगवान ने अच्छा किया कि मनुष्य के पंख नहीं लगाए। यदि ऐसा होता तो वो आकाश को भी पृथ्वी की भांति प्रयोग में लाता। उन्होंने कहा कि आज चाहे छोटा बच्चा हो, युवा हो या बुजुर्ग उन्हें आप ईंधन चलित वाहन का प्रयोग करते पाएंगे। य लगभग 40 वर्ष पूर्व सभी घरों में कई कई साइकिलें होती थी। जिस पर वे सवार होकर अपना कार्य करते थे। इससे हमारे पूर्वज कभी अधिक बीमार नहीं होते थे। अब सडकों पर दिन प्रतिदिन वाहनों का बढ़ता बोझ न केवल सडक व्यवस्था को प्रभावित करता है। अपितु पर्यावरण को प्रदूषित करने में भी इसकी मुख्य भूमिका है।

यदि हम चाहते हैं कि बेमौसमी बारिश से फसलों की रक्षा हो तो पर्यावरण संरक्षण की ओर बढकर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। परंपरागत खेती को अपनाएं। ईंधन के द्वारा संचालित संसाधनों पर नियंत्रण किया जाए। पहाड़ पर अनावश्यक छेडछाड़ न हो।

## कांग्रेस की जीत की खुशी में पटाखे छोड़कर जश्न मनाया

### कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासियां ने कहा कि जनता ने भाजपा को दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः लोकसभा चुनाव में** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी की जीत के बाद गन्नौर में कांग्रेस कार्यकताओं ने जश्न मनाया। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासियां के नगरपालिका रोड स्थित कार्यालय में समर्थकों ने लड्डू आटकर व बम- पटाखें छोड़कर खुशी मनाई। राजेश पहलवान पुरखासियां ने कहा कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की जनता के अलावा देश की जनता ने दिखा दिया है कि जनता भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से परेशान थी। उन्होंने ईवीएम में कांग्रेस का बटन दबाकर दिखा दिया है कि जनता भाजपा से परेशान थी। जनता ने अपना वोट देकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। पदाधिकारियों ने सोनिया गांधी,




राहलु गांधी, राजेश पहलवान आदि नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान बहादुर सरपंच, सुरेन्द्र गुलिया, किसान नेता जयभगवान मलिक, जयबीर नम्बरदार, सुरेन्द्र काला अटायल, कृष्ण राठी, महाबीर गुलिया, बिजेन्द्र पहल, नरेश, संदीप रंगा, जयबीर खत्री, अमित खत्री के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राई हलके की जनता ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कांग्रेस को जीत दिलवाई

### कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल के कार्यालय में ढोल बजाकर व लड्डू बाटकर खुशी मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।**
**कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल** ब्रहमचारी की जीत का राई हलके में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कार्यालय में ढोल बजाकर व लड्डू बाटकर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं का उनके नेतृत्व में उत्साह देखते ही बनता था। आंतिल ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता बदलाव चाहती थी। प्रदेश में कांग्रेस की इतनी संख्या में सीट आने पर साबित हो गया है कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की लहर चलेगी। परिणामों




ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आएगी। प्रदेश की जनता राई हलके में कांग्रेस को भारी संख्या में वोट मिलने पर कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने राई हलके की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रहमचारी को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जो उम्मीद लगाकर वोट दिया है, वे उन पर खरा उतरेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा भी प्रदेश के विकास में न तो कोई कसर पहले छोड़ी न आगे छोड़ेगे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा, दीपेन्द्र हुड्डा व बिजेन्द्र आंतिल के जिंदाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस नेता बिजेन्द्र आंतिल ने कहा कि राई हलके की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा की उम्मीदों पर खरा उतरी है। जनता ने पहले ही दिखा दिया था कि सोनीपत के साथ प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। जनता ने देश व प्रदेश के एगजिट पोल पर कोई भरोसा नही किया और अपनी उम्मीद के हिसाब से परिणाम मिलने पर आज खुशी जताई है।

## तसव्वर की हत्या मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत/कमाल हुसैन** सीआईए टू पुलिस टीम ने अधमी गांव निवासी तसव्वर 26 की पीटकर व चाकू से गोदकर हत्या मामले में फरार चल रहे आठवें आरोपी सतीश निवासी बापौली को सोमवार देर शाम सेक्टर 11/12 से गिरफ्तार किया। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सतीश ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी वीरेंद्र, साहिल व अजीत निवासी गढ़ी नवाब, सुनील उर्फ लाखा, कृष्ण उर्फ मनीष, अनिल व विकाश निवासी अधमी के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी सतीश को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। मामले में पहले पकड़े जा चुके आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, रॉड व डंडें बरामद कर सातों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला**
थाना बापौली में अधमी गांव निवासी सरवर पुत्र नाजिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 सितम्बर 2023 की रात वह घर पर सो रहा था। तभी गांव निवासी सन्नी ने उसे उठाकर बताया की तेरे भाई तसव्वर के साथ अनाज मंडी के बाहर जेसीबी दफ्तर वाले सतीश के साथ झगड़ा हुआ है।

## श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इन्द्री रोड़** स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 5 जून को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराजइ की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के

**संगम**
**सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे**

शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7 बजे होगी तथा सांयकालीन 6.45 बजे होगी। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ दीपक गोयल-नेहा जैन (श्री श्याम बाबा ट्रेडिंग कंपनी करनाल) द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

## अग्नि तपस्या के समापन पर होगा पूजन एवं अनुष्ठान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी के** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी द्वारा सनातन के लिए की जा रही अखंड पंच धूणी कठोर अग्नि तपस्या का समापन 5 जून को होगा। मंगलवार को भी महंत राजेंद्र पुरी की तपस्या के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत देश को ऋषि मुनियों की धरती कहा जाता है। सदियों से ही ऋषि-मुनियों ने त्याग तपस्या कर इस देश में खुशहाली की कामना की है। वह भी इसी कामना से करीब दो दशक से ज्येष्ठ महीने की गर्मी में



जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए पंच धूणी कठोर अग्नि तपस्या आ रहे हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने अग्नि तपस्या प्रारम्भ होने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल की विजय की कामना करते हुए तपस्या में पूजा की थी।

उनका प्रण था कि नरेंद्र मोदी एवं नवीन जिंदल की विजय के साथ ही तपस्या का समापन करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जून को पूजा एवं अनुष्ठान के साथ समापन होगा। उन्होंने नवीन जिंदल को शुभकामनायें भी प्रेषित की। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि देश में अनेकों ऐसे संत महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपनी तपस्या और बलिदान से भारत वर्ष की धरा को पावन पवित्र किया है। इसी लिए भारत को महात्माओं की तपोभूमि माना गया है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि संत का जीवन हमेशा परमार्थ के लिए रहता है। संत जो भी करता है वह परमार्थ के लिए करता है।

## कामकाजी महिलाओं व महिला श्रमिकों को किया जागरूक

### हतों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं संग उत्पीडन के बारे विस्तार से बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन के निदेर्शानुसार जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा प्रभात फर्टिलाईजर इन्द्री रोड़ करनाल में महिला श्रमिकों और रेलवे रोड़ करनाल पर लिबर्टी फुटवीयर व जी लैब जीटी रोड़ करनाल में कामकाजी महिलाओं को उनके अधिकारों व महिलाओं के हित के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में बताकर जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि संविधान के अनुसार महिलाओं को भी



बहुत से अधिकार दिए गए हैं जैसे, सार्वजनिक पद धारण करने की आजादी, कानूनी कारोबार में प्रवेश करने की आजादी, मत देने की आजादी, काम करने की आजादी, समान वेतन की प्राप्ति और शिक्षा प्राप्त करने आदि का अधिकार। उन्होंने कहा कि मगर इस सब के बावजूद कुछ ऐसी वजहें भी हैं, जिसमें उन्हें पुरूषों की तुलना में ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ता है। घरेलू हिंसा, लिंग भेद व उत्पीड? जैसी परेशानियों से उन्हें गुजरना पड़ता है, इसलिए उनकी इन परेशानीयों को दूर करने के लिए व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं। उन्होंने सभी कामकाजी महिलाओं या श्रमिकों को उनके हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं संग उत्पीडन के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ कार्यस्थल में शारीरिक या मानसिक उत्पीड? किया जाता है तो आरोपी के खिलाफ महिला शिकायत दर्ज करवा सकती है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन या यौन उत्पीडन से सुरक्षा मिलेगी और उन्हें अपराध की सुचना के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। आप महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व दूर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से पुलिस को सूचना देकर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने सभी महिलाओं के साथ अपना पर्सनल नंबर सांझा करते हुए कहा कि यदि मेरी सहायता या सलाह की कभी कोई आवश्यकता लगे तो आप मुझे भी तुरंत काल कर सकती हैं।

## अंकुश बौनिवाल व साहिल छौक्कर का जिम में किया स्वागत

**पानीपत /कमाल हुसैन**
**बॉडी बिल्डिंग एंड** फिटनेस स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित ऑल ओवर इंडिया से मिस्टर एंड मिस इंडिया बॉडी बिल्डिंग कंपटीशन में समालखा के महादेव फिटनेस जिम से अंकुश बैनिवाल ने जूनियर कटैगरी मैन फिजिक्स में करीब 150 खिलाडियों को पछाडकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही साहिल छौक्कर ने भी मैन फिजिक्स में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर, अपने माता-पिता सहित अपने कोच का मान बढ़ाया है। जिससे परिजनों और नगरवासियों में खुशी की लहर है। सोमवार को जिम में आने पर दोनों प्रतिभागियों का पैसों के हार व




फूलमालाओं से पुष्प वर्षा कर नगद इनाम देते हुए जोरदार स्वागत किया गया। महादेव जिम से कोच राहुल व चैयरमैन अर्जुन कुहाड़ ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पार्षद जयपाल कुहाड़, पार्षद पति विकास कुहाड़, एडवोकेट अजय कुहाड़, एडवोकेट मुकेश कहराना, रोहित पट्टीकल्याणा, विशाल, वींरेंद्र खर्ब, धीरेंद्र खर्ब व साहिल कुहाड मौजूद रहे।

## संपादकीय

# धरती, हम लोग और हमारा भविष्य

**पर्यावरण** जीवों और उनके जीवन का आधार और एक अनिवार्य घटक है। उसके बिना जीवन अकल्पनीय है । हमारा जीवन-चक्र पर्यावरण में स्थित है और पर्यावरण द्वारा ही आयोजित होता है। हम उसी में जन्म लेते हैं, जीते हैं और मृत्यु के बाद उसी में विलीन हो जाते हैं। हम वनस्पतियों और अन्य प्राणियों की ही तरह पर्यावरण के अंग होते हैं परंतु अपने अहंकार में हम अपनी इस मौलिक सदस्यता को भूल कर अपने को पर्यावरण से अलग तत्व के रूप में देखते हैं। हम मनुष्य और पर्यावरण की दो अलग झ अलग कोटियाँ या श्रेणियां बना लेते हैं जो भिन्न मान ली जाती हैं। इनके बीच का रिश्ता भी उपभोक्ता (कंज्यूमर) और उपभोग्य वस्तु ( कंज्यूमेबल ऑब्जेक्ट) मान बैठे हैं। पर्यावरण हमारे लिए एक संसाधन होता गया है जिनमें कुछ नवीकरणीय भी होते हैं और कुछ समाप्त हो कर उस रूप में वापस नहीं मिलते। अपनी संपदाओं के कारण धरती को वसुंधरा कहते हैं। वह हमारे लिए सुख के स्त्रोत उपलब्ध कराती है। पर्यावरण में मौजूद विविध पदार्थों, ऊर्जा के श्रोतों ( जैसे झ कोयला, पेट्रोल आदि), जल संसाधनों, भिन्न-भिन्न गुणवत्ता के भूमि रूपों (जहां किस्म-किस्म के अन्न, फल, लकड़ी, औषधि और अन्य पदार्थ पैदा होते हैं) को लेकर हम बड़े प्रसन्न होते हैं । पर पर्यावरण की इस सम्पदा को सिर्फ निष्क्रिय निर्जीव वस्तुओं के संसाधन के रूप में मान बैठना भ्रम है। इसलिए ऐसा सोचना ठीक तो है परन्तु यह आधी सच्चाई है। पर्यावरण को सिर्फ संसाधन मान बैठना न सही है न वांछित। पर्यावरण से हमारा पारस्परिक रिश्ता है। वह हमें रचता है और हमसे अपेक्षा है कि हम उसकी रक्षा करें। इस तरह पृथ्वी पर एक जीवन-चक्र चलता सदैव चलता रहता है। इन सबको देखते हुए ही धरती को माता कहा गयाझ माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः । पृथ्वी सभी प्राणियों का बिना भेद-भाव के माता की तरह भरण-पोषण करती है। आज इसे भुला कर हम निर्मम भाव से इस पर्यावरण को अपने अविवेकपूर्ण आचरण द्वारा तरह-तरह से आघात पहुंचा कर लगातार उसका हृदय छलनी कर रहे हैं और शरीर नष्ट-भ्रष्ट कर रहे हैं । ऐसा करते हुए अपने ही पैरों पर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। पेड़ कटते जा रहे हैं, वन जलाए जा रहे हैं, कंक्रीट के जंगल उग रहे हैं, और रासायनिक खाद से धरती की उर्वराशक्ति नष्ट हो रही है । हमारी भौतिकवादी दृष्टि कितनी दूषित हो चुकी है कि हम प्रकट सत्य का भी प्रत्यक्ष नहीं कर पाते हैं और न वह क्षति ही महसूस कर पाते हैं जिसकी भरपाई संभव ही नहीं है । ग्रीन गैस का उत्सर्जन जिस तरह हो रहा है और कार्बन डाई आक्साइड जिस तरह बढ़ रहा है वह सब जीवन के विरुद्ध है। पर्यावरण की ओर से हमें लगातार चेतावनी मिल रही है और हम हैं कि उसे अनसुना करते रहे हैं। ग्लेशियर का पिघलना, अति वर्षा, सूखा, बाढ़ और गर्मी का अत्याधिक बढ़ना ऐसे ही संकेत हैं। आज धरती और पर्यावरण की सीमाओं को बिना पहचाने उसका अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। ऐसा करते हुए हम यह अकसर भूल जाते हैं कि हमारा आहार, हमारी सांसें और हमारे कार्य-कलाप सब कुछ पर्यावरण से ही उधार लिया हुआ है। यदि पर्यावरण इसमें कोई कोताही करता है तो परिस्थिति विकट हो जाती है। कुछ ही दिनों पहले कोविड झ 19 की महामारी के दौरान हम सबने विश्व भर में यह बात अपनी आंखों देखी कि पर्यावरण के साथ रिश्ता कितना नाजुक होता है।

# जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है"



**पर्यावरण** शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं। हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरूआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं। मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं। तीन वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

नारी इस जहान में... क्या अधूरे सम्मान में?
महिला, ब्रह्मांड की अनमोल रत्न,
इसे सहेजने का करो जतन
विवेक और आवेग का प्रतीक,
जिसके आंचल मे छुपा भविश्य और अतीत
असीम प्यार की स्त्रोत,
उनके बिना समाज अधूरा, विकृत।

पारिवारिक मसलों में उनका समर्थन,
जिसके मन मे सदा परिवार का मंथन
स्वप्नों को साकार करती हैं वे हर पल। अनमोल उपहार है ये इस तल
मां की गोद में ही बचपन की मस्ती,
प्रभु से भी ऊपर है माँ की हस्ती
प्यार और शिक्षा का आदर्श संगीत।हर एक के लिए मन का मीत

समाज में उनकी भूमिका अद्वितीय,
प्रेरणा का स्त्रोत,
सच्ची विजय की पूंजी ।जिनके सानिध्य मे जीवन का सार और कुंजी
न्याय की मुस्कान, समानता की छाया,
उनके बिना समाज विकृत, असहाय।

कर्मों की रानी, महिलाएं हैं शक्ति का स्त्रोत,
सपनों की उड़ान, अपार साहस का से ओत प्रोत
जब वे उठती हैं, तो समाज उठता है,
महिलाओं के सम्मान से ही पूर्ण होता है धर्म का ज्ञान

महिला, शांति का संगीत,
उनकी शक्ति ही है समृद्धि का अनमोल खजाना।
इस सृष्टि पर नारी ही है प्रकृति का ग्यान
सम्मान और समर्पण की छाया,
महिलाओं को समझो, सम्मान दो, सम्मानित रहो!!

**सीमा सुलेख**

# नीट यूजी ड्रॉपर-परीक्षा की तैयारी

**विजय गर्ग**

**विशेष रूप** से चिकित्सा शिक्षा जैसे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में परीक्षा की तैयारी के लिए एक अंतराल वर्ष लेने का निर्णय बहुत बहस और चिंतन का विषय है। भारत में, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है। इच्छुक मेडिकल छात्र अक्सर खुद को एक चौराहे पर पाते हैं, जो यह तय करने की कोशिश कर रहे हैं कि वे फ्रेशर के रूप में शामिल हों या आम बोलचाल की भाषा में "एनईईटी ड्रॉपर" बनें। दोनों विकल्पों के अपने फायदे और नुकसान हैं, और इस लेख का उद्देश्य प्रत्येक पथ के पेशेवरों और विपक्षों का पता लगाना है। नीट ड्रॉपर का लाभः 1. केंद्रित तैयारीः एनईईटी ड्रॉपर होने का एक प्राथमिक लाभ समय की कमी है। ड्रॉपर अपना पूरा वर्ष बिना किसी शैक्षणिक विकर्षण के परीक्षा की तैयारी में लगा सकते हैं। यह अधिक केंद्रित और गहन अध्ययन व्यवस्था की अनुमति देता है, जो सफलता की संभावनाओं को काफी बढ़ा सकता है। 2. वैयक्तिकृत शिक्षणः एनईईटी ड्रॉपर्स को अक्सर व्यक्तिगत और स्व-निर्देशित सीखने में संलग्न होने का अवसर मिलता है। वे अपने अध्ययन कार्यक्रम को तैयार कर सकते हैं, अपने सीखने के संसाधनों का चयन कर सकते हैं और स्कूल या कॉलेज पाठ्यक्रम की कठोर संरचना से बंधे बिना अपने कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। 3. बढ़ी हुई समझः अतिरिक्त वर्ष के साथ, ड्रॉपर अक्सर विषयों की गहरी समझ हासिल कर लेते हैं। यह विस्तारित अवधि उन्हें अवधारणाओं को फिर से देखने, संदेहों को स्पष्ट करने और पाठ्यक्रम की व्यापक समझ विकसित करने की अनुमति देती है, जो अंततः उनके परीक्षा प्रदर्शन में सकारात्मक रूप से प्रतिबिंबित हो सकती है। 4. परीक्षा देने का अनुभवः परीक्षण लेने के अनुभव के मामले में ड्रॉपर को बढ़त मिल सकती है। पहले एक बार एनईईटी परीक्षा का सामना करने के बाद, वे प्रारूप, प्रश्न पैटर्न और समय प्रबंधन रणनीतियों के साथ अधिक सहज होने की संभावना रखते हैं, जिससे संभावित रूप से परीक्षा संबंधी चिंता कम हो जाती है। 5. परिपक्वता और लचीलापनः अंतराल वर्ष व्यक्तिगत विकास को भी बढ़ावा दे सकता है। गहन अध्ययन और प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से निपटने के दौरान ड्रॉपर में उच्च स्तर की परिपक्वता, लचीलापन और दृढ़ता विकसित होती है। यह नई परिपक्वता उनके भविष्य के शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में उनकी अच्छी सेवा कर सकती है। नीट ड्रॉपर का नुकसानः 1. सामाजिक अलगावः जबकि ड्रॉपर्स को केंद्रित तैयारी से लाभ हो सकता है, वे सामाजिक अलगाव का भी अनुभव कर सकते हैं। कॉलेज जीवन की नियमित बातचीत और अनुभवों से चूकने से उनके सामाजिक कौशल और भावनात्मक कल्याण पर असर पड़ सकता है। 2. दबाव और अपेक्षाएँः केवल तैयारी में पूरा साल लगाने के बाद ड्रॉपर्स को अक्सर नीट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बढ़े हुए दबाव का सामना करना पड़ता है।

## विचार

# प्रकृति और पर्यावरण का सबसे बडा शत्रु स्वयं मानव

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का अविष्कार मानव तथा जीव जंतुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ है। पॉलीथिन ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के ।भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा, ।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय 'पर' यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है,किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं। इसके पश्चात मई 2020 को आंध्र प्रदेश के पॉलीमर कंपनी द्वारा स्टाइलिन नामक गैस का रिसाव हुआ एवं जून में असम गैस रिसाव से मानव जीवन को प्रभावित कर पूरे पर्यावरण को प्रदूषित कर मानव जाति तथा जीव जंतुओं के संपूर्ण जीवन को दांव पर लगा दिया था। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा। प्रदूषण को हमें सदैव वायु प्रदूषण यानी ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, कोहरा, परागकण, उल्कापात आदि प्राकृतिक स्त्रोतों से उत्पन्न वायु प्रदूषण से नियंत्रण में रखकर उसका संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। मानवीय अवांछित क्रियाकलाप भी प्रकृति तथा वातावरण और पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है मोटर वाहनों का बेतरतीब प्रयोग लकड़ी कोयला तथा अन्य पदार्थों के जलाने से उत्पन्न हुआ बेतहाशा कारखानों का निकलता धूंआ, ताप विद्युत गृह, खनन तथा रासायनिक पदार्थों के साथ आतिशबाजी द्वारा वायु प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। जिससे पर्यावरण अत्यंत असुरक्षित हो गया, इसके अलावा पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रकृति के साथ खिलवाड़ के कारण प्रकृति का तापमान भी अत्यधिक बढ़ गया है, फल स्वरूप जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को हम बुरी तरह से झेल रहे हैं। हमें पेट्रोल की जगह गैस फ्यूल का उपयोग कर वातावरण को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# प्यासा कौआ बना जल जादूगर

**रामविलास जांगिड़**

एक नगर में एक संस्कारी कौआ रहता था। सभी लोग इसे कवि कहते थे। भटकता हुआ अपना वाला प्यासा कौआ उर्फ कवि एक दिन एक रेस्तरां के आउटडोर सीटिंग अरेक्स में जा बैठा। उसने एक खाली पेटबोर्ड पर एक साइन देखी, 'आज सिर्फ अच्छा खाना और पानी यहां मिलेगा!' परंतु जब वह अंदर गया, तो उसने देखा कि वहां केवल एक पेटबोर्ड था। न खाना न पानी! फिर उसने पेटबोर्ड पर लिखा, 'मैंने यह गलत सोचा कि लोग चुनावों में ही बम मारते हैं!' और वह उड़ चला। पीछे पेटबोर्ड से आवाज आई- 'आजकल हर कोई कौआ अपने आपको बहुत ज्यादा ही स्याणा समझता है।' फिर वही अपना वाला कौआ दिखाई पड़ा।

वह चोंच फाड़े एक प्रसिद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय के कॉरिडोर पर चक्कर काटा करता। कविता बाजी करना छोड़ उसने मोबाइल निकाला और एक ऑनलाइन पानी की वेबसाइट खोजना शुरू किया। कौए ने अपने स्मार्टफोन से बादल मानचित्र का उपयोग करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उड़ना शुरू किया। वह इसकी एक रील बनाकर, उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए, इसकी जांच भी करता रहा। शीघ्र ही उसे एक वेबसाइट मिली, जो जल स्थानों की जानकारी प्रदान करती है, जहां लोग प्यास बुझा सकते हैं। कौआ भाई खटाक से एक उच्चतम रेटेड जल स्थल की ओर उड़ चला। पहुंचने पर वह खुद को एक उत्तेजित लॉक बॉक्स के सामने पाता है। जिसे खोलने के लिए वह चाबी की तलाश में निकलता है। वह खोजता है। उसे एक पिक्सेलेटेड क्यूआर कोड के साथ एक पानी कूप मिलता है। जल्दी से उसने क्यूआर कोड स्कैन किया। पर डिजिटल पानी! लाख चोंच मारी पर कुछ नहीं हुआ। हुआ तो बस इतना कि मोबाइल की स्क्रीन टूट गई और उसे नया मोबाइल खरीदना पड़ा। बेटे की डांट सुनी वो अलग! फिर वही हुआ। चिलचिलाती गर्मी वाले शहर दिल्ली में कवि नाम का यह स्टाइलिश कौआ अपनी प्यास बुझाने के मिशन पर लगा रहा। जल संकट ने कवि के पसंदीदा जल स्थानों को सूखा और बंजर बना दिया था।

# आप कतार में हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कई घंटे** बीत गए थे। डिस्पेंसरी में लगी लाइन में मेरा नंबर क्या था, यह ठीक से नहीं बता सकता। कोई न कोई आकर बीच में बैठ जाता। इसलिए गिनना ही छोड़ दिया। एक मरीज आगे वाले को कोहनी करते बुदबुदायाझ कितना समय और लगेगा। उसे कोई जवाब न मिला। मन तो किया जम कर फटकार लगा देझ आखिर हमें इतना इंतजार क्यों कराया जा रहा है? हम यहाँ न तो पार्टी के टिकट के लिए खड़े हैं न राशन की दुकान पर, फिर देर क्यों? तभी उसे याद आया वह मरीज है। उसे मरीजों की मयार्दा का पालन करना चाहिए और चुप रहना चाहिए। घर वालों के बार-बार समझाने पर भी चिलमिलाती धूप में धरना देने गया था। आज धरना देना बहरों के कानों में डीजे बजाने के बराबर है। मरीज और विपक्ष दोनों समय के मारे होते हैं। जब तक योग न हो तब तक दोनों को चुपचाप रहना चाहिए। लेकिन हैं तो दोनों समय के मारे। बिना चूँ-चाँ किए कैसे रह सकते हैं। इसीलिए बीच-बीच में जिंदा रहने के लिए कराहते रहते हैं। दूसरा मरीज पहले मरीज के कराहने से थोड़ा कसमसाया। फिर बोला शटअप। वार्ड ब्वाय लड़की से चिट-चैट करते हुए भी हमारा कितना ध्यान रख रहा है। शुक्र मनाइए कि वह ईमानदार है, नहीं तो हमारा नंबर यहाँ तक भी नहीं पहुँच पाता। हम अकेले ही नहीं बाकी के मरीज भी कितने परेशान हैं।

ट्राई टू अंडरस्टैंड। पहले वाला अब खुल कर बोल सकता था क्योंकि मर्यादा का उल्लंघन दूसरी ओर से हुआ था। बोला, "तुझे हुआ क्या?ह्व "घर जल्दी आकर समाचार देखने का यह हाल है।" दूसरे ने आ-ऊँ करते हुए कहा। तब तक तीसरा बोल पड़ा, "समाचार चैनल? कम से कम तुम कुछ देखकर बीमार पड़े हो। मैं तो बिना कुछ देखे इसकी उसकी बातों में आकर बीमार हुआ हूँ।"

# ज्ञान गंगा –आचार्य सुदर्शन

## खुद के दोस्त बनें हम

हमारा देश एक धर्म प्रधान देश है। यही वजह है कि यहां युगों से धर्म की धारा बहती रही है। यहां के धर्मप्राण लोग इसमें डुबकी लगाकर अपना इहलोक और परलोक सुधारते हैं। यदि ध्यान से देखें तो प्राचीनकाल से लेकर अब तक यहां के धर्मप्राण लोगों ने संपूर्ण जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से ही समझने का प्रयास किया है। उदाहरण के लिए आप किसी शहरी श्रमिक को श्रम करते हुए देखें या गांव में हल चलाते किसी हलवाहे को और आप उनसे बात करें तो वह भी बस यही कहते हुए मिलेंगे कि इस जीवन का क्या ठिकाना? आज है, कल नहीं, फिर काहे की चिंता आदि। इस प्रकार यदि देखें तो यहां के लोगों में आध्यात्मिक दृष्टि इस कदर समा चुकी है कि वे बचपन से लेकर जवानी तक और जवानी से लेकर वृद्धावस्था तक केवल और केवल अध्यात्म की बातें करते रहते हैं। ऐसा करके वे अपना इहलोक और परलोक, दोनों सुधार लेना चाहते हैं।

एक गांव की बात है। एक संत वहां के मंदिर में बैठकर पूजा-अर्चना कर रहे थे। वे साधना में ऐसे लीन हो गए कि शाम हो गई और अंधेरा छाने लगा। तभी एक छोटा बच्चा उस मंदिर में आया। उसने जेब से माचिस निकालकर मंदिर में रखे दीपक को जला दिया। मंदिर में प्रकाश देखकर संत ने बच्चे से पूछा, बेटा! यह बताओ कि यहां प्रकाश कहां से आ गया? बच्चे को कोई उत्तर नहीं सूझा, इसलिए उसने फूंक मारकर दीपक बुझा दिया और संत से कहा, हे महात्मन! वह प्रकाश जहां से आया था, वहीं चला गया। संत हतप्रभ रह गए और उन्हें यह समझते देर नहीं लगी कि यह छोटा बच्चा भी मानता है कि सृष्टि में उस परमात्मा की ही शक्ति है जिसने इसकी रचना की है। उस दीपक के प्रकाश की तरह आप सब भी वहीं वापस चले जाएंगे, जहां से आए हैं। प्रभु का स्मरण करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।



### खबरें जरा हटके

## जमीन पर बिछे मिले एक अरब के नोट, नहीं कर सकते खर्च



**नई दिल्ली।** सड़क पर अगर एक भी नोट गिरा हुआ मिलता है तो हम उसे उठाने में जरा सी भी देर नहीं करते, सोचिए अगर आपको सड़क पर अरबों रुपए बिछे हुए मिल जाएं तो। शायद आप ये ही नहीं साचे पाएंगे कि इतने सारे रुपयों को अपने साथ कैसे लेकर जाएं। हाल ही रूस के सेंट पीटर्सबर्ड में एक समूह को एक दलदली उजाड़ जगह पर एक अरब रूबल के नोट मिले।

वर्तमान एक्सचेंज रेट के अनुसार इन नोटों की भारतीय मुद्रा में कीमत 113 करोड़ रुपए बनती है, लेकिन खोजने वालों को इन नोटों को खर्च करने की अनुमति नहीं है। पूर्व सोवियत संघ के दौर के ये नोट अब ये चलन से बाहर हो चुके हैं। यह जगह राजधानी मॉस्को से 160 किलोमीटर दूर, व्लादिमीर क्षेत्र में है। यह एक पुरानी खदान है, जहां सोवियत संघ के दौर में मिसाइलें रखी जाती थीं। ग्रुप ने अफवाह सुनी थी कि उस इलाके में काफी पैसा दबा है, इसलिए वह वहां खोजबीन के लिए गया था।

यह जानकारी सामने आते ही देशभर के मीडिया में चर्चाएं होने लगीं। पुरातत्व विभाग के अफसरों ने जांच करने के बाद बताया कि वे नोट सोवियत संघ के दौर के हैं। उन्हें वर्ष 1961 से 1991 के बीच जारी किया गया था। हालांकि, अब उन नोटों की कोई कीमत नहीं है। ये लगभग एक अरब रूबल के नोट हैं। कुछ विशेषज्ञों ने बताया कि ये नोट जिस जगह पर मिले हैं, वहां कभी मिसाइलें रखी जाती थीं। हालांकि, अब उस जगह की पहचान खदान के तौर पर है। एक अनुमान यह भी है कि कुछ वर्ष पहले वहां बाढ़ आई थी, उसी में ये नोट बहकर खदान तक पहुंच गए होंगे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस खदान के पास नोट मिले हैं, वहां आसपास कोई रहने की हिम्मत नहीं करता। उस जगह पर कभी सोवियत संघ का बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम चलता था। उसके कारण पूरा क्षेत्र रेडिएशन से प्रभावित है। एक अफसर ने बताया कि सोवियत दौर में 100 रुबल वाला वेतन भी बहुत अच्छा समझा जाता था। तब इतने नोट किसके पास रहे और उन्हें इस तरह क्यों छोड़ दिया गया, यह कोई नहीं जानता।

## इस चर्च में रोबोट देता है आशीर्वाद, पढ़ता है बाइबल

**नई दिल्ली।** आप चर्च गए हों तो देखा होगा कि वहां प्रेयर्स से लेकर बाइबल पढने और आशीर्वाद देने का काम पादरी करते हैं। जिस तरह मंदिर में पंडित जी का खास स्थान होता है, उसी तरह चर्च में पादरी को दखा जाता है। हालांकि आप जर्मनी के एक चर्च के बारे में सुनकर हैरान रह जाएंगे। इस चर्च में पादरी नहीं है, बल्कि उनकी जगह एक रोबोट है। ब्लेस यू-2 नाम का यह रोबोट बाकायदा हाथों से आशीर्वाद देता है और उसके हाथों से रोशनी भी निकतल है।



इस रोबोट को विटेनबर्ग में लॉन्च किया गया है। जर्मन पादरी मार्टिन लूथर की द नाइंटी फाइव थीसिस के प्रकाशन के 500 साल पूरे होने के मौके पर इस रोबोट को लॉन्च किया गया। चर्च के मुताबिक लोगों को आशीर्वाद देने से पहले रोबोट उनसे पूछता है कि वे पुरुष की आवाज में आशीर्वाद चाहते हैं या महिला की आवाज में। वह इसके बाद यह भी पूछता है कि उन्हें किस तरह का आशीर्वाद चाहिए।

जिस तरह से व्यक्ति इच्छा जताता है, उस तरह से ये रोबोट मुस्कुराते हुए बांहें फैला देता है और आशीर्वाद देता है। यह बाइबिल की पंक्तियां भी पढ़ता है -ईश्वर तुम्हें आशीर्वाद दें और तुम्हारी रक्षा करें।

### सेहत

## इन घरेलू उपायों को बनाएं शरीर का सुरक्षा कवच

डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, लू लगना और मसूड़ों की तकलीफ ऐसी समस्याएं हैं जो आए दिन हर किसी को परेशान करती हैं। घरेलू उपायों के सुरक्षा कवच से इन रोगों से आसानी से लड़ा जा सकता है। तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो तो लौकी का गूदा निकालकर पीस लें और माथे पर लेप करें, तुरंत आराम मिलेगा।

एक चम्मच सौंफ रात को एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह इसी पानी में सौंफ को मसलने के बाद छानकर थोड़ी चीनी मिलाकर पिएं, शरीर को ठंडक मिलेगी। 25 ग्राम गुलाब के फूल, मिश्री, सौंफ और वंशलोचन (तीनों 10 ग्राम) को पीसकर पाउडर बना लें। सुबह और शाम पानी के साथ आधा चम्मच पाउडर लेने से फोड़े, फुंसी, दाद और खुजली में लाभ होगा।

गुलकंद को एक चम्मच की मात्रा में रात को गुनगुने पानी या दूध के साथ खाने से कब्ज, गर्मी, मुंह के छाले और रक्तसंचार दुरुस्त होता है। दो टमाटर को काली मिर्च के साथ पीस लें। भोजन करने से पहले इसे खाने से पेट में कीड़ों की समस्या दूर होती है। नमक व सरसों का तेल मिलाकर मंजन करने से मसूड़े मजबूत होते हैं।

लू लगने पर प्याज को सलाद के रूप में और कैरी (कच्चा आम) को सब्जी या पना बनाकर प्रयोग करें। बिच्छू या मधुमक्खी के काटने पर प्याज का रस व नौसादर मिलाकर लगाने से जहर दूर होता है और दर्द में आराम मिलता है। दाद, खाज जैसे त्वचा रोगों में कच्चे पपीते का दूध लाभकारी होता है। हरड़ और पीपल के चूर्ण को बराबर मात्रा में तुलसी के रस के साथ पीने से खांसी में आराम मिलता है। सिरदर्द में लौंग पीसकर माथे पर लेप करें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

## लॉफिंग ज़ोन

सर्किट- भाई, बापू ने बोला था कि कभी झूठ नही बोलना मंगता है, अपून आज से कभी झूठ नही बोलुंगा भाई।

मुन्ना भाई- ? सर्किट, वो सुनिता का बाप आया है तेरे को ढूंढ रहा है

सर्किट- भाई उसको बोलो अपून गांव गया है, खेती करने को।

मुन्ना भाई- पर सर्किट अभी तो तू बोल रहा था कि कभी झूठ नही बोलेगा

सर्किट- भाई, अपून झूठ नही बोलेगा, पर तुम तो बोल सकता है, ना भाई।

□ □ □

अजीत- माइकल इसके एक हाथ में लाल और दूसरे हाथ में हरा रंग लगा दो।

माइकल- लेकिन क्यो बॉस ?

अजीत- बेवकूफ, इतना भी नही जानते, जब पुलिस आएंगी तो उसे रंगे हाथो पकड लेगी।


□ □ □

एक चोर को चोरी के जुर्म में जीप में बैठाकर जेल ले जाया जा रहा था। वह बहुत खुश था।

सिपाही ने चोर से पूछा- तुम इतने खुश क्यों हो ?

चोर ने कहा- आज मैं पहली बार जीप में बैठा हूं।

## काकुरो पहेली - 4075



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो 4074 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4075



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4074



## सूडोकु -4075


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4074 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 4075




**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली -4074 का हल



## न्यूज फ्लैश

### हेमा मालिनी ने बनाई मजबूत बढ़त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

हॉट सीट मथुरा पर लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने अपने विरोधियों को टिकने नहीं दिया। पहले राउंड से ही उन्होंने बढत बनाली और राउण्ड दर राउण्ड वह अपने प्रतिद्वंदी पर बढत बनाती चली गईं। बसपा ने इस बार सुरेश सिंह और कांग्रेस ने अपने युवा नेता मुकेश धनगर पर दांव लगाया था। हालांकि मुकेश धनगर के प्रदर्शन ने स्थानीय स्तर पर पार्टी में नई जान फूंकी है। उन्हें हर राउंड में वोट मिले और कांग्रेस लगातार दूसरे नम्बर पर रही हालांकि बसपा और कांग्रेस के बीच दूसरे और तीसरे स्थान के लिए मुकाबला नजदीकी रहा। खबर लिखे जाने तक गिनती के मुताबिक हेमा मालिनी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश धनगर से 2,22,273 वोटो से आगे चल रही है। हेमा मालिनी को 361165 वोट जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर को 138892 वोट, बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को 127508 वोट और निर्दलीय प्रत्याशी भानु प्रताप को 11991 वोट हासिल हुए हैं।

**गोवर्धन में पेड़ से लटका मिला शव**

मथुरा। गोवर्धन में पहाडी पर एक व्यक्ति का पेड से शव लटका मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोवर्धन पर्वत पर मिले शव की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की पहचान करने और मामले की जांच करने में जुटी है। मथुरा के थाना गोवर्धन क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। अज्ञात व्यक्ति का शव गोवर्धन पर्वत के ऊपर पेड़ से लटका हुआ था। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

### पॉक्सो एक्ट में 20 साल की सजा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बुधवार को न्यायालय पोक्सो द्वितीय मथुरा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 67/2019 धारा 376/506 आईपीसी व पोक्सो एक्ट थाना मांट जनपद मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्त काका उर्फ देवकी पुत्र महीपाल निवासी ढकू थाना मांट जनपद मथुरा को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदंड से न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

### हरियाणा :पांच सीट पर कांग्रेस, चार पर भाजपा व एक पर आआपा आगे

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा की दस लोकसभा सीटों में अब तक हुई मतगणना के अनुसार भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका लगता नजर आ रहा है। राज्य की पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अंबाला लोकसभा सीट से कांग्रेस के वरूण मुलाना 21 हजार 417 वोटों से, सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा 35 हजार वोट से, सोनीपत से कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी 3277 वोट से, रोहतक से कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा 32 हजार 252 वोट से, गुरुग्राम से कांग्रेस के राज बब्बर 23 हजार 752 वोट से आगे चल रहे हैं।

हिसार लोकसभा से भाजपा के रणजीत चौटाला 4787 वोट से, करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 10 हजार 721 वोट से, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से धर्मबीर 7902 वोट से, फरीदाबाद लोकसभा हलके से भाजपा के 6776 वोट से आगे चल रहे हैं। कुरूक्षेत्र लोकसभा से आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता भाजपा के नवीन जिंदल के मुकाबले 2692 वोट से आगे चल रहे हैं।

### हरियाणा: बढ़त से बाहर हुई आआपा, कांग्रेस 6 तो भाजपा 4 पर आगे

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा में चल रही मतगणना के दौरान कुरूक्षेत्र से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार की बढ़त खत्म हो गई है और वे दौड़ से बाहर हो गए हैं। अब राज्य में छह सीटों पर कांग्रेस तो चार पर भाजपा ने बढ़त बना ली है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार अभी तक अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरुण चौधरी 26 हजार 426, सिरसा से कुमारी सैलजा एक लाख 23 हजार 327, हिसार से कांग्रेस के जयप्रकाश जेपी 5102, सोनीपत से कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी 2173, रोहतक से दीपेंद्र सिंह हुड्डा एक लाख 22 हजार 185 तथा गुरुग्राम से फिल्म अभिनेता राज बब्बर 22 हजार 12 वोट से आगे चल रहे हैं।

उधर, कुरूक्षेत्र से भाजपा के नवीन जिंदल 556 वोट से, करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 96 हजार 645, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा हलके से भाजपा के धर्मबीर सिंह 4671 वोट तथा फरीदाबाद से भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर 61 हजार 967 वोट से आगे चल रहे हैं। अभी तक किसी भी सीट पर चुनाव परिणाम का ऐलान नहीं किया गया है।

# वृंदावन की कुंज गलियों में जाम

## बड़ी गाड़ियों को शहर में प्रवेश करने से रोका जाता है

**जाम**

▶▶ वृंदावन की कुंज गलियों में बाहर से आने वाली गाड़ियां प्रवेश कर जाती हैं।

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन में शासन प्रशासन के द्वारा एक सीमित क्षेत्र में नो एंट्री एवं वृंदावन के मुख्य बाजारों में बड़ी गाड़ियों का आना-जाना रोक रखा है। साथ ही पुलिस प्रशासन के द्वारा जगह बैरियर लगाकर बड़ी गाड़ियों को अंदर आने से रोका जाता है, लेकिन



फोटो परिचय-वृंदावन की संकरी गलियों में लगा जाम।

उसके बावजूद भी वृंदावन की कुंज गलियों में बाहर से आने वाली गाड़ियां प्रवेश कर जाती हैं। जिसके बाद वृंदावन की छोटी छोटी गलियों में भारी जाम लग जाता है। ऐसा ही नजर बांके बिहारी मंदिर के समीप बनखंडी मार्ग स्थित मोटे गणेश मंदिर पर देखने को मिला। जहां पर राजस्थान नंबर की गाड़ी बिना रोक टोक के बाजार में घुस गई और जिसके चलते बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा एवं अन्य गाड़ियों का जाम लग गया।

वहीं जब संबंध में मार्केट के व्यापारी सुंदरलाल से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि आए दिनों बड़ी गाड़ियां इन छोटी छोटी गलियों में आ जाती है। जिसके चलते कई घंटो तक जाम लग जाता है। इससे न केवल वृंदावन में चलने वाले ई रिक्शा बल्कि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो शासन प्रशासन के द्वारा जगह बाहर से आने वाली गाड़ियों को वृंदावन में अंदर प्रवेश करने से रोका जाता है, लेकिन उसके बावजूद भी कई बड़ी गाड़ियां अपना रसूक दिखाते हुए कुंज गलियों में प्रवेश कर जाती है। जिससे वृंदावन में रहने वाले लोगों को ही नहीं बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## युवाओं के हकों की लड़ाई जारी रखेगी भाजपा : भव्य बिश्नोई



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि अंत्योदय के भाव से समाज के गरीब, वंचित और कमजोर लोगों के एवं प्रदेश के युवाओं के हकों की लड़ाई को भाजपा व युवा मोर्चा और भी मजबूती से जारी रखेगी। भव्य बिश्नोई मंगलवार को आदमपुर हलके के आधा दर्जन गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। हरियाणा में सरकारी नौकरियों में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अंक देने के फैसले को हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने के मामले में भव्य बिश्नोई ने अपना विस्तृत पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवा वर्ग के हितों के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत लड़ाई जारी रखेगी और सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। प्रदेश सरकार गरीब और युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

## फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में कांग्रेस की कुमारी सैलजा आगे

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाली फतेहाबाद जिले की तीनों विधानसभाओं फतेहाबाद, रतिया व टोहाना के मतों की गिनती फतेहाबाद के राजकीय महिला महाविद्यालय भोडि?ाखेड़ा में हो रही है। आधे राऊंड की मतगणना के बाद तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का दबदबा नजर आ रहा है।

फतेहाबाद विधानसभा में पहले राऊंड से ही कांग्रेस की कुमारी सैलजा को बढ़त मिलनी शुरू हो गई थी। पहले राऊंड में कुल 10957 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 5034, जेजेपी के रमेश खटक को 58, इनेलो के संदीप लोट को 83 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 5437 वोट मिले जबकि 22 लोगों ने नोटा को वोट दिया। पहले राऊंड में सैलजा को 403 वोटों की बढ़त मिली। अब तक 5 राऊंड की मतगणना हो चुकी है। नौंवे राऊंड में कांग्रेस की बढ़ती बरकरार रही। इस राऊंड में कुल 11070 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 3764, जेजेपी के रमेश खटक को 419, इनेलो के संदीप लोट को 209 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 6419 वोट मिले जबकि 25 लोगों ने नोटा को वोट दिया। इस राऊंड में कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 2881 वोटों की लीड मिली। इसके बाद कांग्रेस की कुल लीड बढकर 6720 हो गई।

टोहाना विधानसभा में भी पहले राऊंड में ही कांग्रेस का दबदबा बनना शुरू हो गया। यहां कांग्रेस की कुमारी सैलजा को पहले राऊंड में कुल 5002 वोटों की लीड मिली। पहले राऊंड में कुल 11521 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 2862, जेजेपी के रमेश खटक को 24, इनेलो के संदीप लोट को 220 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 7864 वोट मिले जबकि 38 लोगों ने नोटा को वोट दिया। सातवें राऊंड में कांग्रेस की सैलजा को 2090 वोटों की लीड मिली।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकला में हाइवे किनारे एक कॉलोनी में काम कर रहा मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। कोसीकला में बठैन गेट क्षेत्र में शक्ति नगर कॉलोनी है। यहां एक मकान में काम चल रहा था। एक मजदूर सुबह करीब ग्यारह बजे सरिया उठा रहा था। ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी।

इसी दौरान बिजली के तारों को छू गई और सरिया में करंट आ गया। जोर के झटके से मजदूर दूर जा गिरा। इस दौरान मजूदर बुरी तरह झुलस गया। वहीं काम कर रहे दूसरे साथी मजदूर आनन फानन में उसे चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसडीओ सर्वज्ञ श्रीवास्त ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

## ठाकुर राधा रमण लाल की शरण में पहुंची सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा की तीसरी बार सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी मंगलवार की सुबह मतगणना के परिणाम घोषित होने से पहले वृंदावन स्थित ठाकुर राधा रमण लाल मंदिर पहुंची। जहां पर उन्होंने ठाकुर राधा रमण लाल की पूजा अर्चना की एवं अपना माथा टेक कर अपनी विजय एवं देश में भाजपा की सरकार बनने की कामना की। वही मंदिर की सेवायत अभिषेक गोस्वामी के सानिध्य में आराध्या ठाकुर राधा रमण लाल जू का पूजन अर्चन किया।



इस दौरान से ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी के साथ दर्शकों की फोटो खिंचवाने के लिए होड़ सी लगी रही। इस मौके पर बोलते हुए सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी ने बताया कि पूरे देश भर में एक बार फिर से भगवा झंडा लहराएगा। एक बार फिर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। वहीं उन्होंने बताया कि ठाकुर राधा रमण लाल की असीम कृपा से वह भारी बहुमतों से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विपक्ष के सारे दावे झूठे साबित होंगे।

## फतेहाबाद विधानसभा में भाजपा तो रतिया व टोहाना में कांग्रेस को रिकार्ड बढ़त

**मतगणना**

▶▶ मतगणना को लेकर प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सुबह 8 बजे मतगणना का काम शुरू हुआ।

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाली फतेहाबाद जिले की तीनों विधानसभाओं फतेहाबाद, रतिया व टोहाना के मतों की गिनती फतेहाबाद के राजकीय महिला महाविद्यालय भोडि?ाखेड़ा में हो रही है। मतगणना को लेकर प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सुबह 8 बजे मतगणना का काम शुरू हुआ।



मतगणना पर्यवेक्षक अमित कुमार, उपायुक्त राहुल नरवाल व पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने चुनाव एजेंटों की मौजूदगी मे स्ट्रॉग रूम को खुलवाया। इसके बाद स्ट्रॉग रूम से ईवीएम को काऊंटिंग टेबल पर लाया गया। फतेहाबाद विधानसभा में पहले राऊंड से ही कांग्रेस की कुमारी सैलजा को बढ़त मिलनी शुरू हो गई थी। पहले राऊंड में कुल 10957 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 5034, जेजेपी के रमेश खटक को 58, इनेलो के संदीप लोट को 83 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 5437 वोट मिले जबकि 22 लोगों ने नोटा को वोट दिया। पहले राऊंड में सैलजा को 403 वोटों की बढ़त मिली।

अब तक 5 राऊंड की मतगणना हो चुकी है। पांचवें राऊंड में यहां बाजी पलटी और कांग्रेस की कुमारी सैलजा इस राऊंड में लीड लेने में कामयाब रही। इस राऊंड में कुल 9625 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 4366, जेजेपी के रमेश खटक को 46, इनेलो के संदीप लोट को 35 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 4918 वोट मिले जबकि 21 लोगों ने नोटा को वोट दिया। इस राऊंड में कांग्रेस को मिली 552 वोटों की लीड के बाद भाजपा की कुल लीड घटकर 1445 हो गई।

टोहाना विधानसभा में भी पहले राऊंड में ही कांग्रेस का दबदबा बनना शुरू हो गया। यहां कांग्रेस की कुमारी सैलजा को पहले राऊंड में कुल 5002 वोटों की लीड मिली। पहले राऊंड में कुल 11521 वोटों में से भाजपा के अशोक तंवर को 2862, जेजेपी के रमेश खटक को 24, इनेलो के संदीप लोट को 220 व कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 7864 वोट मिले जबकि 38 लोगों ने नोटा को वोट दिया। चौथे राऊंड में कांग्रेस की सैलजा को कम लीड मिली।

### श्री तिरुपति धाम में भगवान श्री वेंकटेश की निकली सवारी शोभा यात्रा

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

श्री तिरुपति बालाजी धाम में अचला एकादशी पर भगवान श्री वेंकटेश जी की सवारी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। अर्चकों ने पूरे विधि विधान से भगवान वेंकटेश जी की पूजा व आराधना की और भगवान का तिरुमंजन किया गया। भगवान वेंकटेश जी के चल विग्रह को पालकी में सवार करके शोभायात्रा निकाली गई।

श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश की सवारी को रस्सों से खींचकर तिरुपति धाम की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। अचला एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा व आराधना का विशेष महात्म्य है। वेंकटेश जी भगवान विष्णु का ही स्वरूप हैं। इसलिए श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश का मुख्य मंदिर विद्यमान है। दक्षिण भारत से लाए गए पत्थरों से निर्मित इस मंदिर में भगवान वेंकटेश के आलौकिक दर्शन होते हैं। इस मुख्य मंदिर के साथ ही माता पद्मावती व माता गोदांबा के मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इनके अलावा धाम में श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर भी विशेष दर्शनीय हैं।

हिसार में लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम, विशाल घंटाघर, पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला का भी श्रद्धालुओं ने अवलोकन किया। तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी निमार्णाधीन है। यह गोपुरम दक्षिण भारतीय शैली में वहीं के कारीगरों द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

### सुबह से दोपहर तक राज बब्बर की बढ़त, फिर इंद्रजीत निकले आगे

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को हुई मतगणना में गुडगांव लोकसभा सीट पर मुकाबला काफी रोचक रहा। बाहरी प्रत्याशी के तौर पर प्रचारित किए गए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज बब्बर ने सुबह से दोपहर तक बढ़त बनाई रखी। इसके बाद यानी दोपहर के बाद यहां बीजेपी प्रत्याशी शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। सुबह की गणना में राज बब्बर का पलड़ा भारी ही रहा। दूसरी तरफ मतगणना केंद्रों पर इंद्रजीत समर्थकों का हौंसला टूटता नजर आया। गणना केंद्र के बाहर पेड़ की छाया में चाय की चुस्की लेते राज बब्बर पूरे आत्मविश्वास से लोगों के साथ मंत्रणा कर रहे थे।गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं (गुडगांव, बादशाहपुर, सोहना, पटौदी) के पहले राउंड की बात करें तो यहां भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को 36004 वोट मिले

## सफाई : यमुना घाटों से सिल्ट हटाने को लगाई मशीन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दशहरा पर्व 16 जून को मनाया जाएगा। पर्व से पूर्व यमुना घाटों की सफाई की जा रही है। पोकलेन मशीन लगातार तीन दिन रात्रि के समय विश्राम घाट से लेकर आगरा होटल के सभी घाटों की सफाई करेगी। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना स्नान करते हैं। उसी को दृष्टिगत रखते हुए मथुरा शहरी क्षेत्र के सभी घाटों की सफाई पोकलेन मशीन से कराई जा रही है जिसके चलते यमुना



जल के प्रवाह को रुकवाया गया ताकि गंदगी स्पष्ट नजर आ सके। आज दिन में सभी घाटों की सफाई मैन्युअल कराई गई। सांय काल से पोकलेन मशीन को यमुना जी में उतारा गया और यमुना जी में भरी हुई कीचड़ को हटवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत से जागरूक नागरिकों द्वारा यमुना घाटों पर गंदगी यमुना में जल की कमी के चित्र पोस्ट किए गए। ये दृश्य निगम द्वारा सफाई के लिए बनाई गई कार्य योजना थी जिसे समझा गया कि यमुना में जल की कमी से गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे है। सफाई कार्य की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को सौंपी गई है जो स्वयं अपनी मौजूदगी में मौके पर कार्य करा रहे हैं। इस संबं ाराहना की है।

# टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रदान किया गया

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. के. विश्नोई ने अवगत कराया कि संगठन को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रमाणन ग्रेट प्लेस टू वर्क, इंडिया द्वारा जारी किया गया है जो सकारात्मक और समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ता प्रदान करता है। मानव संसाधन प्रयासों और समावेशी कार्य संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, श्री विश्नोई ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि गहन मूल्यांकन मापदंडों पर आधारित इस अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अनुकरणीय मानव संसाधन प्रयासों और कार्य संस्कृति को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि जल विद्युत के दोहन की प्रक्रिया में आने वाली सभी असाधारण चुनौतियों का समाधान खोजने के साथ ही टीएचडीसी के सभी कर्मचारी सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देने में निरंतर अटूट समर्पण और अ?द्वितीय उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक विकास पर प्रभावी मानव संसाधन प्रयासों के गहरे प्रभाव को रेखांकित करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि विशिष्टतायुक्त मानव संसाधन प्रबंधन के लिए टीएचडीसी की प्रतिबद्धता 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में सिद्ध हुई है। श्री विश्नोई ने कहा कि 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के प्रमाणन के साथ, टीएचडीसी न केवल ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी होते हुए अपनी



स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि अपने मानव संसाधन मानकों को सर्वोपरि करने के इच्छुक अन्य संगठनों के लिए एक बेंचमार्क भी स्थापित करती है, जो अंततः व्यक्तियों के समग्र विकास एवं जन समुदायों की सेवा में योगदान देते हैं। यह प्रमाणपत्र मानव संसाधन प्रबंधन के लिए टीएचडीसी के समग्र दृष्टिकोण के प्रमाण के रूप में कार्य करता है, जो एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए कंपनी के समर्पण को दशार्ता है जो कि कर्मचारियों की प्रतिभा को निखारने, विकास के लिए प्रोत्साहित करने एवं समग्र सफलता प्रदान करने में सहायक हो।श्री विश्नोई ने आगे अवगत कराया कि सतत प्रयासों और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता कार्य करने की संतुष्टि को बढ़ाती है तथा कर्मचारियों को समाज एवं राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाती है। निरंतर विकास पथ पर आगे बढ़ते हुए, टीएचडीसीआईएल सफलता और शांति के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन बनाती है और अपने कर्मचारियों को आगे बढ़ने और समृद्ध होने के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करती है। यह सुनिश्चित करती है कि उसका कार्यबल आगे बढ़े, उसका भविष्य उज्जवल हो और वह निरंतर उन्नति करे।

श्री शैलेंद्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने संपूर्ण टीएचडीसीआईएल कार्यबल को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान टीएचडीसीआईएल के कर्मचारियों के लिए सकारात्मक और सहायक कार्यस्थल का वातावरण विकसित करने के लिए समर्पित टीम प्रयासों का ही प्रमाण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी संगठन की सफलता तीन मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, निष्पक्षता और ईमानदारी पर निर्भर करती है। इसमें प्रक्रिया में निरंतर सुधार, कर्मचारियों के लिए आकर्षक पहल, लक्षित शिक्षण और विकास कार्यक्रम, मजबूत करियर और विकास के अवसर प्रदान करना और कर्मचारी कल्याण पर एक दृढ़ फोकस करना शामिल है। श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि टीएचडीसी की ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन की उपलब्धि उत्कृष्टता की संस्कृति और नवीन मानव संसाधन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। श्री सिंह ने कहा कि टीएचडीसीआईएल में हमारी प्रतिबद्धता एक समावेशी, सहायक और लिंग भेद की तटस्थता के साथ कार्य संस्कृति बनाना है, विशेष रूप से हमारी महिला समकक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना, कर्मचारी अनुकूल पहल और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। साथ मिलकर, हम एक ऐसे कार्यस्थल का निर्माण कर रहे हैं जो विविधता का समर्थन करता है। यह विशेष रूप से सक्षम लोगों को सशक्त बनाता है और प्रत्येक व्यक्ति को महत्व देता है।

श्री सिंह ने कहा कि दूरदराज के और दुर्गम इलाकों और चुनौतीपूर्ण जलवायु परिस्थितियों वाले कठिन हिमालयी भूगर्भ को देखते हुए जल विद्युत का दोहन विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है। हालांकि, निरंतर मानव संसाधन प्रयासों के साथ, टीएचडीसीआईएल उत्साह के साथ निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है, जो सफलता और शांति के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है और अपने कर्मचारियों की उन्नति, खुशहाली और समृ?द्धि का एक आदर्श मेल प्रदान करता है।

# अप्रैल-मई में मॉयल का मैंगनीज अयस्क का उत्पादन में सात प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र मॉयल ने बताया कि अप्रैल-मई, 2024 के दौरान उसका मैंगनीज अयस्क उत्पादन सात प्रतिशत बढ़कर 3.05 लाख टन हो गया।मॉयल ने बयान में कहा कि उसने एक साल पहले की समान अवधि में 2.84 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया था।

कंपनी की कुल बिक्री 3.3 लाख टन की हुई, जो एक साल पहले की समान अवधि के 2.5 लाख टन से 32 प्रतिशत अधिक है। इस्पात मंत्रालय के तहत मॉयल देश में डाइऑक्साइड अयस्क की लगभग 46 प्रतिशत आवश्यकता को पूरा करती है। मौजूदा समय में मैंगनीज अयस्क का औसत वार्षिक उत्पादन लगभग 13 लाख टन है।

# राजेश चंदिरमानि ने कॉमवीवा के सीईओ का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** ग्राहक अनुभव एवं डेटा मोनेटाइजेशन सॉल्यूशंस कंपनी कॉमवीवा ने आज घोषणा की कि श्री राजेश चंदिरमानि ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 1 जून, 2024 से प्रभावी है। संयोग से नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हुआ है जब कॉमवीवा ने कारोबार में 25 वर्ष पूरा करने की उपलब्ध हासिल की है और कंपनी के तौर पर यह उपलब्धि इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म्स में विश्व की अग्रणी कंपनी के तौर पर आगे बढ़ने की इसकी प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है।

# मई में विनिर्माण गतिविधियां हुयी धीमी, विनिर्माण पीएमआई गिरकर 57.5 पर आया



**नई दिल्ली।** विनिर्माण गतिविधियों को मापने वाले एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) इस साल मई में पिछले महीने के 58.8 से गिरकर 57.5 पर आ गया। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी सर्वेक्षण के अनुसार, मई 2024 में भारत की फैक्ट्री गतिविधियों में कमी आई, लेकिन विस्तार की स्थिति बनी रही। 50 से नीचे पीएमआई का मतलब संकुचन है जबकि इससे ऊपर गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है।

# जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 83 रिंगिट उतरकर 4070 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट की तेजी लेकर 46.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

# वैश्विक विमानन कम्पनियों के लिए अपने दरवाजे खोलने की जरूरत

**दुबई।** अमीरात के अध्यक्ष सर टिम क्लार्क ने कहा है कि भारत सरकार Indian government को वैश्विक हवाई वाहकों के लिए अपने दरवाजे खोलने होंगे, क्योंकि विश्व अर्थव्यवस्था पर भारतीय प्रवासियों का प्रभाव बढ़ रहा है। 'उन्हें अपने दरवाजे खोलने होंगे। उन्हें इन विमानों की जरूरत है। भारतीय प्रवासियों, विश्व अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रभाव बड़ा होता जा रहा है। श्री मोदी के नेतृत्व वाली यह सरकार इसका विस्तार कर रही है। आपको हवाई परिवहन की जरूरत है। आपको बड़े विमानों की जरूरत है। सर टिम क्लार्क ने आईएटीए की 80वीं वार्षिक आम बैठक के मौके पर कहा, ÷आपको लोगों को स्थानांतरित करने की जरूरत है।' जबकि एमिरेट्स पिछले 10 वर्षों से भारत से उड़ानों के संचालन को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत इसे अब तक दुबई के लिए 65,000 सीटों के संचालन तक ही सीमित रखा गया है। हाल ही में, कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भारत ने दुबई स्थित एयरलाइनों को दी गई प्रत्येक अतिरिक्त सीट के लिए अपनी एयरलाइनों के लिए चार सीटों के अनुपात की मांग की है।

# देश का कोयला उत्पादन मई में 83.91 मिलियन टन पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का कोयला उत्पादन मई में 83.91 मिलियन टन (एमटी) (अनंतिम) तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में 76.18 एमटी की तुलना में 10.15 फीसदी अधिक है। इस दौरान कोयला कंपनियों के पास कुल कोयला स्टॉक 96.48 मीट्रिक टन है। वहीं, सीआईएल के पास पड़ा कोयला स्टॉक 83.01 मीट्रिक टन है, जबकि कैप्टिव और अन्य कंपनियों के पास 8.28 मीट्रिक टन है। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि मई 2024 में कोयला का उत्पादन 83.91 मिलियन टन (एमटी) रहा है। कोयला का उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि में 76.18 एमटी की तुलना में 10.15 फीसदी ज्यादा है। इस अवधि में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 64.40 एमटी (अनंतिम) कोयला का उत्पादन




किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान उत्पादित 59.93 एमटी की तुलना में 7.46 फीसदी अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक इसके अलावा मई में कैप्टिव और अन्य संस्थाओं द्वारा कोयला का उत्पादन 13.78 मीट्रिक टन (अनंतिम) रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 10.38 मीट्रिक टन की तुलना में 32.76 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह मई के लिए भारत का कुल कोयला प्रेषण 90.84 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 82.32 मीट्रिक टन की तुलना में 10.35 फीसदी अधिक है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक मई के दौरान सीआईएल ने 69.08 मीट्रिक टन (अनंतिम) कोयला भेजा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 63.67 मीट्रिक टन तुलना में 8.50 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा मई में कैप्टिव और अन्य संस्थाओं द्वारा कोयला का प्रेषण 16 मीट्रिक टन (अनंतिम) दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की 12.37 मीट्रिक टन की तुलना में 29.33 फीसदी की वृद्धि का दर्शाता है।

# टाटा पावर ने जोधपुर से देशव्यापी सौर ऊर्जा अभियान की शुरुआत की

एजेंसी

**जोधपुर।** भारत की अग्रणी रूफटॉप सोलर कंपनी और टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड (टीपीएसएसएल) ने राजस्थान के जोधपुर से अपना 'घरघरसोलर, टाटा पावर के संघ' राष्ट्रीय अभियान शुरू किया।




शहर को साल में बड़ी संख्या में धूप वाले दिनों के कारण सन सिटी जोधपुर का नाम मिला है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का शुभारंभ टाटा पावर के सीईओ और एमडी प्रवीर सिन्हा ने टीपीआरईएल के सीईओ और एमडी दीपेश नंदा की मौजूदगी में किया। इस लॉन्च से देशव्यापी अभियान की शुरुआत हुई है जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को आवासीय सोलर रूफटॉप समाधान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सिन्हा ने कहा, मैं जोधपुर से अपना घरघर सोलर अभियान शुरू करते हुए बेहद खुश हूं। एक बयान के अनुसार, 'घरघरसोलर, टाटा पावर के संघ' अभियान के साथ, टाटा पावर सोलर भारत भर में हर घर तक विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ सौर ऊर्जा पहुंचाने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

# अदाणी वन और आईसीआईसीआई बैंक ने लांच किया पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अदाणी वन और आईसीआईसीआई बैंक ने आज वीजा के साथ मिलकर भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है, जिसमें एयरपोर्ट से जुड़े खास फायदे मिलते हैं। यह कार्ड दो प्रकार के हैं, जिसमें अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड और अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड शामिल है। दोनों कार्ड आपको आकर्षक रिवार्ड्स भी देते हैं। ये कार्ड कई तरह के फायदे देते हैं, जो कार्ड होल्डर्स की लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने और उनके एयरपोर्ट और ट्रेवल के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ये कार्ड्स पूरे अदाणी ग्रुप के कंस्यूमर इकोसिस्टम पर खर्च करने पर 7त्न तक के अदाणी रिवॉर्ड पॉइंट्स देते करते हैं, जैसे कि अदाणी वन ऐप, जहां कोई भी फ्लाइट, होटल, ट्रेन, बस और कैब बुक कर सकता है। अदाणी द्वारा प्रबंधित एयरपोर्ट्स,अदाणी सीएनजी पंप, अदाणी बिजली के बिल और ट्रेनमैन, जो एक ऑनलाइन ट्रेन बुकिंग प्लेटफॉर्म है। इन रिवॉर्ड्स की कोई सीमा नहीं है।

ये कार्ड वेलकम बेनिफिट्स के रूप में कई तरह के फायदे भी देते हैं, जैसे फ्री एयर टिकट्स और एयरपोर्ट की सुविधाएं जैसे प्रीमियम लाउंज का उपयोग, प्रणाम मीट एंड ग्रीट सेवा, पोर्टर, वाहन सेवा और प्रीमियम कार पार्किंग। कार्ड यूजर्स को ड्यूटी फ्री दुकानों पर खरीदारी और एयरपोर्ट पर खाने-पीने पर छूट देते हैं साथ ही निःशुल्क मूवी टिकट और किराना सामान, यूटिलिटीज़ और अंतरराष्ट्रीय खर्च पर अदाणी रिवॉर्ड पॉइंट्स जैसे लाभ भी मिलते हैं। यह रणनीतिक साझेदारी, अदाणी समूह का फाइनेंसियल सेक्टर में पहला कदम है। अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक और वीजा के साथ मिलकर नए स्टैंडर्ड्स स्थापित करने का इरादा रखता है।




लॉन्च इवेंट में अदाणी ग्रुप के डायरेक्टर, जीत अदाणी ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक और वीज़ा के साथ ये अनूठी साझेदारी कस्टमर एक्सपीरियंस में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेगी और इनोवेशन के साथ एक्सीलेंस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड एक आसान डिजिटल इकोसिस्टम का रास्ता है। अदाणी वन प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर, जो भौतिक व्यापारों को डिजिटल दुनिया में एकीकृत करता है, यूजर्स को अद्वितीय सुविधा और पहुंच का अनुभव मिलेगा। आईसीआईसीआई बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश झा ने कहा, हम मानते हैं कि 'कस्टमर 360' पर हमारा फोकस, हमारे डिजिटल प्रोडक्ट्स, प्रक्रियाओं में सुधार और सेवा वितरण के समर्थन से हमें ग्राहकों को एक सहज तरीके से समग्र समाधान प्रदान करने और प्रमुख क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सक्षम बनाता है। अदाणी वन और वीज़ा के साथ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लॉन्च इसी दर्शन के साथ जुड़ा हुआ है। इस लॉन्च के ज़रिए, हमारा इरादा अपने ग्राहकों को अदाणी समूह के पूरे उपभोक्ता जाल में (एयरपोर्ट, बिजली के बिल, ऑनलाइन शॉपिंग आदि) कई तरह के रिवार्ड्स और फायदे देना है। साथ ही, बैंक के क्रेडिट कार्ड कारोबार को और मजबूत बनाना है।

वीज़ा इंडिया और दक्षिण एशिया के ग्रुप कंट्री मैनेजर संदीप घोष ने कहा, वीज़ा में, हम अदाणी समूह और आईसीआईसीआई बैंक के साथ साझेदारी करके रोमांचक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लाने के लिए खुश हैं, जो वीज़ा के विश्वसनीय नेटवर्क और दुनिया भर में स्वीकृति का लाभ उठाते हैं। ये कार्ड यात्रियों को एक शानदार यात्रा और खरीदारी का अनुभव प्रदान करते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों प्रकार से उनकी सुविधा और यात्रा के अनुभव को बढ़ाते हैं। हम भविष्य में इस तरह के और भी कई ऑफर लाने की तैयारी कर रहे हैं। अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ आप खरीददारी के पहले कभी न मिलने वाला अनुभव कर सकते हैं। आइए हमारे साथ फाइनेंसियल एम्पावरमेंट के इस रोमांचक सफर में शामिल हों और कंस्यूमर फाइनेंस के भविष्य को फिर से परिभाषित करें। ग्राहक कार्ड के लिए वेबसाइट www.adanione.com पर आवेदन कर सकते हैं।

अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड का वार्षिक शुल्क 5,000 रुपये है और जॉइनिंग के साथ आपको 9,000 रुपये के लाभ मिलते हैं, वहीं दूसरी तरफ अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड का वार्षिक शुल्क 750 रुपये है और जॉइनिंग के साथ आपको 5,000 रुपये के लाभ मिलते हैं।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 69 हजार डॉलर के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक नजर आ रही है। बिटकॉइन और एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन एक बार फिर 69 हजार डॉलर के ऊपर पहुंच गई है। इसी तरह एथेरियम ने भी आज 1 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 2.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 69,162.90 डॉलर यानी 57.51 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,814.55 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के



अलावा टेथर 0.06 प्रतिशत, बीएनबी 5.43 प्रतिशत, सोलाना 0.52 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.16 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.08 प्रतिशत, टॉनकॉइन 3.24 प्रतिशत और कार्डानो 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.81 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.57 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 213.68 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 7,456 करोड़ डॉलर यानी 6.20 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 5.24 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें, तो कीमत में उछाल आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.24 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.98 प्रतिशत हो गई है।

# आर्थिक गतिविधियों में ऊंची छलांग और मोदी 3.0 की आहट से शेयर बाजार ने भड़ी उड़ान

नई दिल्ली।

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया में सबसे तेज 8.2 प्रतिशत की गति से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ने और आम चुनाव में श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में मोदी 3.0 सरकार बनने के चुनाव बाद सर्वेक्षणों के रूझान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के बल पर आज शेयर बाजार ने नया रिकार्ड बनाया। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 76 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 76468.78 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज(एनएसई) का निफ्टी भी पहली बार 23 हजार अंक के पार 23263.90 अंक पर रहा।

पिछले सप्ताहांत पर कारोबार बंद होने के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े आये थे जिसमें भारत 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहा है। हालांकि अधिकांश प्रमुख वैश्विक एजेंसियों ने इसके 7.0 प्रतिशत आसपास रहने का अनुमान जताया था। एक जून को आम चुनाव के लिए अंतिम चरण का मतदान हुआ था और उसके बाद जारी एक्जिट पोल में मोदी 3.0 का अनुमान जताया गया है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज शुरूआती कारोबार में ही इन दोनों पहलुओं का असर दिखा और उत्साहित निवेशकों की लिवाली के बल पर शेयर बाजार ने नया रिकार्ड कायम किया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2622 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 76 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 76,583.29 अंक पर खुला और रिकॉर्ड लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 76,738.89 सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि रिकॉर्ड ऊंचे भाव पर निवेशकों ने मुनाफा भी वसूला, जिससे सेंसेक्स 75,678.43 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 73961.31 अंक की तुलन में 2507.47 अंक अर्थात 3.39 प्रतिशत की रिकार्ड तेजी के साथ पहली बार 76 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 76467.78 अंक पर रहा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 807 अंक की उड़ान भरकर 23,337.90 अंक पर खुला और 23,338.70 अंक के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सत्र के दौरान यह 23062.30 अंक के निचले स्तर तक उतरा भी। अंत में यह पिछले दिवस के 22530.70 अंक की तुलना में 733.20 अंक अर्थात 3.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 23 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुये 23263.90 अंक पर रहा।बीएसई में कुल रिकार्ड 4115 कंपनियों में कारोबार हुआ जिनमें से 2346 हरे निशान में और 1615 लाल निशान में रही जबकि 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# हिंडनबर्ग के झटके से उबरा अडाणी ग्रुप

**नई दिल्ली।** करीब डेढ़ साल पहले हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण बड़े झटके का सामना करने के बाद भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी अब पूरी तरह से उबर चुके हैं। इस अवधि में गौतम अडाणी एक बार फिर दुनिया के सबसे धनवान कारोबारी की सूची में टॉप 10 के काफी करीब पहुंच गए हैं। गौतम अडाणी ने संपत्ति के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को भी पीछे छोड़ दिया है। फिलहाल गौतम अडाणी की व्यक्तिगत संपत्ति 111 अरब डालर हो गई है, जबकि मुकेश अंबानी की निजी संपत्ति 109 अरब डॉलर है। दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में गौतम अडाणी 11वें स्थान पर और मुकेश अंबानी 12वें स्थान पर काबिज हैं। उल्लेखनीय है कि जब हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप पर स्टॉक में हेर-फेर और अकाउंटिंग फ्रॉड करने समेत कई आरोप लगाए थे, उस समय गौतम अडाणी 150 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ दुनिया के टॉप 5 रईस कारोबारियों की सूची में शामिल थे। लेकिन इस रिपोर्ट में लगे आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार गिरावट आई थी। खुद गौतम अडाणी की संपत्ति घटकर 37.72 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई थी। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच और अमेरिकी जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में हिंडनबर्ग रिसर्च के रिपोर्ट को आधारहीन और स्वार्थप्रेरित पाए जाने के बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों ने दोबारा तेजी पकड़ ली। इस तेजी की वजह से ही गौतम अडाणी एक बार फिर 111 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ भारत और एशिया के सबसे रईस कारोबारी बनने में सफल हुए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक फिलहाल फ्रांसीसी कारोबारी और लुई वीटो (एलवीएमएच) के संस्थापक बर्नार्ड अरनॉल्ट 207 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में पहले स्थान पर हैं। वहीं टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क 203 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और अमेजन के जेफ बेजॉस 199 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के अलावा टॉप 100 रईसों की सूची में भारतीय कारोबारियों में से शापूरजी मिस्त्री 36.14 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 44वें स्थान पर, सावित्री जिंदल 32.62 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 49वें स्थान पर, शिव नाडर 31.61 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 51वें स्थान पर, अजीम प्रेमजी 25.53 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 68वें स्थान पर, दिलीप सांघवी 23.82 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 79वें स्थान पर, कुमार बिरला 20.90 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 89वें स्थान पर, लक्ष्मी मित्तल 20.54 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 95वें स्थान पर, साइरस पूनावाला 20.51 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 97वें स्थान पर और राधाकृष्ण दमानी 20.22 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 100वें स्थान पर हैं।

# दो हजार रुपये के 97.82 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आए वापस:आरबीआई

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा कि दो हजार रुपये मूल्य वर्ग के 97.82 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 7,755 करोड़ रुपये के नोट अभी भी लोगों के पास चलन में हैं, क्योंकि 2000 रुपये मूल्य का नोट अभी वैध है। आरबीआई ने बताया कि 19 मई को कारोबार की समाप्ति पर बाजार में चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य वर्ग के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 31 मई को कारोबार की समाप्ति पर बाजार में सिर्फ 7,755 करोड़ रुपये के नोट रह गए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस प्रकार 19 मई तक चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के 97.82 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं।

रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 मई, 2023 से दो हजार रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों



में उपलब्ध है। इससे पहले 7 अक्टूबर, 2023 तक दो हजार रुपये के नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के नोट भेज रहे हैं। दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं।

आरबीआई ने 19 मई, 2023 को दो हजार रुपये मूल्य वर्ग के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। नवंबर, 2016 में उस समय चलन में मौजूदा 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट बंद किये जाने के बाद 2000 रुपये के नोट प्रचलन में लाये गये थे।

# आईएटीए की आगामी आम बैठक की नई दिल्ली में मेजबानी करेगी इंडिगो

एजेंसी

**दुबई/नई दिल्ली।** बजट विमानन कंपनी इंडिगो जून 2025 में नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की आगामी वार्षिक आम बैठक की मेजबानी करेगी। ये घोषणा आईएटीए की यहां जारी वार्षिक आम बैठक में की गई।

एयरलाइन ने जारी एक बयान में कहा कि इंडिगो 8-10 जून, 2025 को भारत की राजधानी नई दिल्ली में 81वीं आईएटीए वार्षिक आम बैठक




(एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि आईएटीए की वार्षिक आम बैठक 42 साल के बाद भारत में होगी। एल्बर्स ने आईएटीए में उपस्थित लोगों को बताया कि इंडिगो ने पहली बार उड़ान भरने वाले लाखों यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि हम 2025 में 81वीं आईएटीए एजीएम के लिए भारत के प्रवेश द्वार शहर नई दिल्ली में विमानन उद्योग को इकट्ठा करने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि आईएटीए 330 से अधिक एयरलाइन का एक वैश्विक समूह है।

# मदर डेयरी ने भी दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर का किया इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले अमूल डेयरी के बाद अब मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। मदर डेयरी ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। अमूल डेयरी के दाम बढ़ाने के 12 घंटे बाद ही मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों का दाम बढ़ा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। मदर डेयरी



ने तीन जून से दिल्ली-एनसीआर में अपने ताजा पाउच दूध सहित सभी प्रकार की दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 68 रुपये प्रति लीटर, टोन्ड दूध 56 रुपये प्रति लीटर और डबल टोंड दूध 50 रुपये प्रति लीटर का हो गया है। इसी तरह भैंस और गाय के दूध की कीमत अब क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि टोकन दूध (थोक में बेचा जाने वाला दूध) 54 रुपये प्रति लीटर बेचा जाएगा। कंपनी के बयान के अनुसार इस निर्णय का उद्देश्य बढ़ती उत्पादन लागत की भरपाई करना है, जो एक साल से अधिक समय से उद्योग को प्रभावित कर रही है। गौरतलब है कि मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35 लाख लीटर ताजा दूध बेचती है। कंपनी ने आखिरी बार फरवरी 2023 में अपनी कीमतों में इजाफा किया था।

# दक्षिण कोरिया का डीपीआरके के साथ सैन्य समझौता टला



एजेंसी

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के साथ 19 सितम्बर के सैन्य समझौते को फिलहाल टालने का निर्णय लिया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की कार्य-स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार किम ताए-ह्यो ने की।राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि सैन्य समझौते के पूरे प्रभाव को रोकने का एजेंडा मंगलवार को दक्षिण कोरिया की कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीमा पार सभी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को रोकने के लिए प्योंगयांग में 2018 अंतर-कोरियाई शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों कोरिया के रक्षा प्रमुखों द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## ईरान के राष्ट्रपति पद की दौड़ में पूर्व उपराष्ट्रपति इशाक जहांगीरी हुए शामिल

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के पूर्व उपराष्ट्रपति एशहाक जहांगीरी ने 28 जून को देश में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए आधिकारिक तौर पर अपना पंजीकरण कराया। इसके साथ ही वह पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद और ईरानी संसद के पूर्व अध्यक्ष अली लारिजानी सहित कई प्रतिष्ठित लोगों के साथ राष्ट्रपति पद की दौर में शामिल हो गए हैं। जहांगीरी ने मोहम्मद खातमी के राष्ट्रपति रहते हुए 1997 से 2005 तक उद्योग और खान मंत्री के रूप में कार्य किया। वह ईरानी राजनीति में एक विवादास्पद व्यक्ति रहे हैं, आलोचक अक्सर आर्थिक मंदी के दौर में उनकी भूमिकाओं की ओर इशारा करते रहे हैं।

उपराष्ट्रपति और रूहानी के आर्थिक मामलों के प्रभारी व्यक्ति के रूप में, उन्होंने 2018 में ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रूहानी प्रशासन और उसके उत्तराधिकारी, राईसी सरकार, दोनों छह साल के आर्थिक संकट का समाधान करने करने में विफल रहे। संभावित उम्मीदवारों के लिए पांच दिवसीय पंजीकरण अवधि 30 मई से शुरू होकर तीन जून को समाप्त हुई। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 11 जून को प्रकाशित की जाएगी। 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी की मृत्यु के कारण देश में शीघ्र चुनाव आवश्यक हो गया है, जिसमें विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन और छह अन्य लोगों की भी जानें गई थी।

## पाकिस्तान में कोयला खदान में गैस रिसाव से 11 लोगों की मौत



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा के पास एक कोयला खदान में गैस रिसाव के कारण नौ खनिकों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने सोमवार को बलूचिस्तान के मुख्य खान निरीक्षक अब्दुल गनी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कोयला खदान क्वेटा से 40 किलोमीटर दूर स्थित है। इस घटना के बाद खदान बंद कर दी गई थी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट कहा कि नौ खनिकों के अलावा, एक ठेकेदार और एक खदान प्रबंधक भी मृतकों में शामिल हैं।

## टोक्यो के नारिता हवाई अड्डे पर कार्गो विमान को आपातस्थिति में उतारा




**टोक्यो।** जापान में टोक्यो के नारिता हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही एक मालवाहक विमान में आग लगने की वजह से आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एनएचके द्वारा प्रसारित लाइव फुटेज में दिखाया गया कि विमान के दाहिने ओर की इंजन में आग लग गई। इसके बाद विमान ने आपातस्थति में उतारने के लिए घोषणा की। हवाई अड्डे के अनुसार विमान को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे उतरना था। आपातकालीन लैंडिंग के बाद रनवे को बंद करने की कोई योजना नहीं है।

# महमूद अहमदीनेजाद ईरान के राष्ट्रपति पद की रेस में हुए शामिल



एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद अपना आवेदन जमा कर ईरानी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गये हैं। तस्नीम एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अपना आवेदन दाखिल करने के लिए आंतरिक मंत्रालय में अहमदीनेजाद की उपस्थिति ने बड़ी संख्या में फोटोग्राफरों और पत्रकारों को आकर्षित किया।

अहमदीनेजाद 2005 से 2013 तक लगातार दो कार्यकालों के लिए ईरान के राष्ट्रपति रहे हैं, उन्होंने एक उम्मीदवार के रूप में अपना पंजीकरण करने के बाद एक भाषण भी दिया। ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 30 मई को तेहरान में आंतरिक मंत्रालय के मुख्यालय में शुरू हुई और तीन जून को समाप्त होगी। इससे पहले, ईरानी संसद के पूर्व स्पीकर अली लारिजानी ने भी 28 जून को होने वाले ईरानी राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपना पंजीकरण कराया। इस महीने की शुरुआत में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोगों की मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति चुनाव कराना आवश्यक हो गया है।

पिछले चार दिनों में लगभग 80 लोगों ने अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुरोध किया है, जबकि एक महिला सहित 20 से कम लोगों ने पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा किया है। सभी आवेदकों को संवैधानिक परिषद द्वारा सावधानीपूर्वक जांचा जाएगा और 11 जून को अंतिम उम्मीदवारों की सूची घोषित की जाएगी। चुनाव प्रचार की अवधि 12-26 जून के लिए निर्धारित है, जबकि राष्ट्रव्यापी राष्ट्रपति चुनाव शुक्रवार, 28 जून को होंगे। ईरान में 1979 में इस्लामी क्रांति की जीत के बाद 14वां नया प्रशासन, जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में सत्ता ग्रहण करेगा और चार वर्षों तक पद धारण करेगा। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके काफिले को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर 19 मई को उत्तर-पश्चिमी पहाड़ी जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें राष्ट्रपति, विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान और छह अन्य लोगों की मौत हो गई। संविधान के अनुसार, प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर ने इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैयद अली खामनेई की सहमति से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला है।

## फर्जी नौकरी की पेशकश को लेकर भारतीय दूतावास ने चेताया, थाई सीमा पर अपराध सिंडिकेट सक्रिय

**म्यांमार।** म्यांमार में भारतीय दूतावास ने नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को आगाह किया है कि वे फर्जी नौकरी की पेशकश को लेकर सावधान रहें और अवैध रोजगार के लालच में न फंसें। दूतावास की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर म्यावाड्डी क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट सक्रिय है और कोई भी नौकरी की पेशकश स्वीकारने से पहले सावधानी बरतें। दूतावास ने कहा, म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर म्यावाड्डी क्षेत्र में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट का शिकार बनने वाले भारतीय नागरिकों की संख्याओं में वृद्धि हुई है। इसमें यह भी सलाह दी गई है कि कोई भी नौकरी स्वीकारने से पहले संबंधित दूतावास से जरूर संपर्क करें। मायावाड्डी शहर के दक्षिण में फा लू क्षेत्र में एक नया स्थान हाल ही में सामने आया है, जहां अधिकांश भारतीय पीड़ितों को भारत के साथ-साथ मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भर्ती करने के बाद थाईलैंड के माध्यम से तस्करी की जा रही है। दूतावास ने भारतीयों से सोशल मीडिया के माध्यम से की गई नौकरी की पेशकश को स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया।



# श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 10 लोगों की मौत



एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है, जिसके चलते घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों को ऐहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ी है। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार रविवार को राजधानी कोलंबो और सुदूर रतनपुरा जिले में छह लोगों की बहने और डूबने से मौत हो गई जबकि पहाड़ों से मिट्टी कट कर मकानों पर गिरने से तीन अन्य लोगों की जान चली गई। पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। रविवार से छह लोग लापता हैं। केंद्र ने एक बयान में कहा कि सोमवार तक 5,000 से अधिक लोगों को बचाव केंद्र ले जाया गया है और 400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ितों को बचाने और भोजन व अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए नौसेना और थलसेना के जवानों को तैनात किया गया है। श्रीलंका में मई के मध्य में भारी मानसूनी बारिश होने के बाद से मौसम प्रतिकूल है। इससे पहले कई इलाकों में तेज हवाओं के चलते पेड़ उखड़ गए, जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की सिंहली सेवा ने डीएमसी के निदेशक प्रदीप कोडिप्पिली के हवाले से बताया कि कोलंबो और दक्षिण के अन्य इलाकों में बाढ़ का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। कोडिपिली ने कहा, ÷कथित तौर पर कई इलाकों में अब तक 400 मिमी से अधिक बारिश हुई है। मामूली बाढ़ का खतरा बढ़ कर बड़े बाढ़ के खतरे में बदल रहा है। उन्होंने श्रीलंकाई लोगों से सरकार और डीएमसी की आपातकालीन घोषणाओं पर ध्यान देने का आग्रह किया। डीएमसी ने कहा कि देश के 25 में से 20 जिले बारिश से प्रभावित हैं। सरकार ने कहा कि प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सेना को तैनात किया गया है। वायु सेना के प्रवक्ता कैप्टन दुशान विजेसिंघे ने बीबीसी सिंहली को बताया कि राहत प्रयासों में मदद के लिए तीन हेलीकॉप्टर और बचाव दल पहले ही तैनात किए जा चुके हैं। बिजली और ऊर्जा मंत्रालय की सुलक्षणा जयवर्धने ने बताया कि कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति काट दी गई है। जयवर्धने ने कहा, ÷हमने डीएमसी के साथ समन्वय में इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निलंबित कर दी है।÷ बाढ़ कम होने के बाद, हम स्थिति को देखेंगे और बिजली बहाल करने के लिए काम करेंगे।

## हमास पर इस्राइल के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने का बढ़ेगा दबाव?

**वाशिंगटन।** हमास पर इस्राइल के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने का बढ़ेगा दबाव? जो बाइडन ने कतर से की बात हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में लोग बड़ी संख्या में इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वो लगातार गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्रा लापता, पुलिस ने पता लगाने के लिए आम लोगों से मांगी मदद



एजेंसी

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

सीएसयूएसबी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि नितीशा को आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और 30 मई को उसके लापता होने की सूचना पुलिस प्रमुख जोन ग्यूटीरेज को दी गई। पुलिस ने कहा, ''लापता व्यक्ति को लेकर सूचना÷ सीएसयूएसबी की छात्रा नितीशा कंदुला के बारे में अगर किसी के पास जानकारी है तो वह कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो पुलिस और हमारे सहयोगी लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग को इसकी सूचना दें।'' पुलिस ने अपनी सूचना में लापता छात्रा के हुलिए का भी वर्णन किया है और जानकारी देने वालों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पिछले माह शिकागो से भी 26 वर्षीय भारतीय छात्र रूपेश चंद्र के लापता होने का मामला सामने आया था। इससे पहले मार्च से लापता 25 वर्षीय भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात अमेरिका के क्लीवलैंड में मृत पाया गया था। हैदराबाद का रहने वाला अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में आईटी में स्नातकोत्तर करने के लिए अमेरिका आया था। मार्च में 34 वर्षीय प्रशिक्षित शास्त्रीय नृतक अमरनाथ घोष की मिसौरी के सेंट लुइस में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। दो फरवरी को 41 वर्षीय विवेक तनेजा पर वाशिंगटन में एक रेस्टोरेंट के बाहर जानलेवा हमला किया गया था।

# अफगानिस्तान में हजारों बच्चे बाढ़ से प्रभावित, सैकड़ों लोगों की हुई मौत...यूनिसेफ ने दी जानकारी




एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ से हजारों बच्चे प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने यह जानकारी दी। देश के कई हिस्सों में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश ने कहर बरपाया है, जिससे सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और संपत्ति व फसलें नष्ट हो गई हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने बताया है कई लोग मारे जा चुके हैं और अनेक लोग बेघर हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा है कि कई लोग रोजी रोटी कमाने में असमर्थ हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने एक बयान में कहा कि बाढ़ की वजह से हजारों बच्चे प्रभावित हुए हैं। अफगानिस्तान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि डॉ. ताजुद्दीन ओयेवाले ने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने और उससे निपटने के प्रयासों व खर्च को दोगुना करना चाहिए। पिछले सप्ताह, निजी समूह 'सेव द चिल्ड्रन' ने कहा था कि 2024 में अफगानिस्तान में लगभग 65 लाख बच्चे भूख से संबंधित गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं।

**अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट में चार घायल**

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में चार लोग घायल हो गये हैं। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता फरीदुल्ला देहकान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांत की राजधानी असदाबाद शहर के प्रीसिंक्ट-1 में एक होटल के सामने लगाई गई यह बारूदी सुरंग रविवार अपराह्न में फट गयी, जिसके कारण चार नागरिक घायल हो गए। अधिक जानकारी दिए बिना उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और विवरण को सार्वजनिक किया जाएगा।

## फलस्तीन ने आईसीजे में दायर किया आवेदन, इस्राइल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के मुकदमे में शामिल होने का अनुरोध

एजेंसी

**हेग।** इस्राइल और हमास के बीच बीते कई महीनों से भीषण जंग जारी है। इस बीच, फलस्तीनी अधिकारियों ने गाजा में इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाने वाले दक्षिण अफ्रीका के मुकदमे में शामिल होने की अनुमति के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में आवेदन किया है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस्राइल का सैन्य अभियान फलस्तीनी समाज और उसकी संस्कृति व सामाजिक संस्थानों को नक्शे से मिटाने का व्यवस्थित हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में फलस्तीन राज्य की ओर से अनुरोध किया गया है और इसे फलस्तीनी प्राधिकरण ने विदेश मंत्रालय के अधिकारी अम्मार हिजाजी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले साल के अंत में आईसीजे में मामला दायर किया था और इस्राइल पर सैन्य अभियान के जरिए गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाया गया था। इस्राइल ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा था कि वह सात अक्तूबर के हमास के हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अपने सैन्य अभियान में नरसंहार कर रहा है। इस्राइल गाजा के दक्षिणी शहर राफा में अपने हमलों का विस्तार कर रहा है। राफा युद्ध के बीच कभी मानवीय मदद के अभियानों का मुख्य केंद्र था। इस्राइली बलों के हमलों ने भूख का सामना कर रहे फलस्तीनियों के लिए भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति के प्रवाह को रोका है।

# पाकिस्तान की अदालत ने विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने के दो मामलों में इमरान खान को किया बरी



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को 'हकीकी आज़ादी' मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने के दो मामलों में बरी कर दिया। मई 2022 में खान ने शहबाज़ शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी। यह रैली पीटीआई के हकीकी आज़ादी' (वास्तविक स्वतंत्रता) हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। इस महीने की शुरुआत में, इस्लामाबाद के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने खान को 2022 में उनकी पार्टी के दो 'लॉन्ग मार्च' के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी कर दिया था।

# पीएम सुनक ने आव्रजन कटौती का वादा किया, कार्य-पारिवारिक वीजा पर नई वार्षिक सीमा लगाने की योजना



एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने आव्रजन में कटौती के लिए कार्य और पारिवारिक वीजा पर नई वार्षिक सीमा लगाने की योजना की घोषणा की। सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी द्वारा प्रस्तुत योजना के अनुसार, प्रत्येक वर्ष संसद द्वारा निर्धारित वीजा की संख्या पर एक नई सीमा शामिल होगी। वहीं, विपक्ष ने आव्रजन प्रमुख चुनावी मुद्दे पर अपनी योजना पेश की थी। बता दें कि ब्रिटेन के आम चुनाव में आव्रजन एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। पिछले साल 685000 प्रवासियों ने देश में प्रवेश किया, जिसके बारे में दोनों मुख्य राजनीतिक दल कंजर्वेटिव पार्टी और कीर स्टारर ने कहा है कि यह आंकड़ा बहुत अधिक है।

